दैनिक
डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश में प्रसारित !
R.N.I.68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार
# लोकतंत्र की आवाज



● नवादा से प्रकाशित ● नवादा रविवार 09 मार्च 2025 ● वर्ष : 03 अंक : 648

## संक्षिप्त खबरें ।

### हेमंत सोरेन के सरकार में रहते कानून-व्यवस्था में नहीं हो सकता सुधार : बाबूलाल मरांडी

**लोक तंत्र कीआवाज़**



**रांची।** झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की कानून–व्यवस्था को लेकर हेमंत सोरेन सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य में कानून का शासन कायम नहीं है और अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। मीडिया से बात करते हुए मरांडी ने कहा, मुझे नहीं लगता कि जब तक यह सरकार सत्ता में है, तब तक राज्य में कानून–व्यवस्था में सुधार हो सकता है। उन्होंने पुलिस महकमे पर भी वसूली का आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस महकमा वसूली में लगा हुआ है और राज्य में अवैध गतिविधियां बढ़ रही हैं।

**बाबूलाल मरांडी ने कानून–व्यवस्था पर उठाए सवालः** उन्होंने कहा कि धनबाद और बोकारो जैसे कोयला क्षेत्रों से अवैध रूप से कोयला निकाला जाता है। जिससे मिलने वाला पैसा सरकार की तिजोरी में नहीं जाता, बल्कि सत्ता में बैठे कुछ लोगों के पास पहुंचता है। मरांडी ने कहा कि अपराधों के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे राज्य की सुरक्षा और शांति पर सवाल खड़े हो रहे हैं। राज्य सरकार की नीतियों के कारण झारखंड में कानून–व्यवस्था की स्थिति बदतर होती जा रही है।

**बाबूलाल मरांडी ने सरकार पर लगाए गंभीर आरोपः** बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर आदिवासियों के कल्याण को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए जो लक्ष्य निर्धारित करती है, वह कभी पूरा नहीं होता। मरांडी ने राज्य सरकार पर आदिवासियों के हितों के प्रति गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार केवल नाटक करती है और वास्तव में आदिवासियों के कल्याण के लिए कुछ नहीं करती।

**राज्य सरकार के काम पर उठाए सवालः** बाबूलाल मरांडी ने कहा, मेरा सवाल यह है कि सरकार आदिवासियों के कल्याण के बारे में कितनी चिंतित है, क्योंकि राज्य पिछले पांच वर्षों से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में है। अगर सरकार वास्तव में आदिवासियों के विकास के लिए चिंतित होती, तो उस दिशा में काम करती। इनका इरादा आदिवासी समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का नहीं है। यह सरकार केवल नाटक करने में लगी हुई है। राज्य सरकार की आदिवासी समाज के लिए योजनाएं केवल कागजी स्तर तक ही सीमित हैं।

# विधानसभा चुनाव से पहले बिहार लौटे कन्हैया, 'नौकरी यात्रा निकालने की तैयारी, कांग्रेस ने बनाया खास प्लान

**लोक तंत्र की आवाज़**



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की तरह रोजगार के मुद्दे पर एक पदयात्रा निकालने जा रही जिसकी अगुवाई पार्टी के युवा और छात्र इकाई करेगी. सूत्रों के मुताबिक 16 मार्च से 14 अप्रैल तक कांग्रेस के युवाझ्छात्र नेता और कार्यकर्ता ₹बिहार को नौकरी दो यात्रा₹ निकालेंगे. इसमें कांग्रेस की छात्र इकाई ठरवकके प्रभारी कन्हैया कुमार भी शामिल होंगे. ऐसे में इस कार्यक्रम को बिहार की सियासत में कन्हैया की वापसी के तौर पर देखा जा सकता है।

सूत्रों के मुताबिक यह यात्रा पूर्वी चंपारण के ऐतिहासिक गांधी आश्रम से शुरू होकर पटना तक जाएगी. करीब चार हफ्तों में चार सौ से पांच सौ किलोमीटर की यह पदयात्रा लगभग बीस जिलों से होकर गुज़रेगी. इस दौरान रोजगार, पेपरलीक, पलायन आदि मुद्दों के ज़रिए युवाओं को पार्टी से जोड़ने की कोशिश होगी।

**12 मार्च को कांग्रेस नेताओं की दिल्ली में बैठक :** दिलचस्प बात यह है कि विधानसभा चुनाव से पहले होने जा रही इस यात्रा में प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व के शामिल होने को लेकर सस्पेंस है. बारह मार्च को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बिहार के नेताओं की बैठक बुलाई है जिसमें राहुल गांधी भी शामिल होंगे. इस बैठक में यात्रा को लेकर औपचारिक मुहर लगेगी. हालांकि इसकी पूरी योजना तैयार हो चुकी है और तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

**बिहार विधानसभा चुनाव भी लड़ सकते है कन्हैया?:** कहीं ना कहीं इस पदयात्रा का चेहरा कन्हैया कुमार बनने जा रहे हैं. कन्हैया बिहार में विधानसभा का चुनाव भी लड़ सकते हैं. बीते लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने कन्हैया को उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट से चुनाव लड़ाया था. तब माना गया था कि कन्हैया आगे दिल्ली की राजनीति करेंगे. लेकिन अब कन्हैया कुमार अपने राज्य की राजनीति में वापसी कर रहे हैं. नीतीश सरकार के ख़िलाफ़ बीते दिनों में हुए युवाओं के आंदोलन में प्रशांत किशोर की लोकप्रियता की काट के लिए कांग्रेस इस पदयात्रा में कन्हैया कुमार को उतार रही है। हालांकि सहयोगी दल आरजेडी को ध्यान में रखते हुए कन्हैया को पदयात्रा का चेहरा बनाने से कांग्रेस बचेगी. माना जाता है कि आरजेडी नेतृत्व कन्हैया कुमार के साथ सहज नहीं है. ऐसे में इस यात्रा पर आरजेडी की प्रतिक्रिया देखने वाली होगी.

### कांग्रेस प्रभारी अल्लावरु तैयारी की रूपरेखा

इसकी रूपरेखा बिहार कांग्रेस के नए प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने बनाई है. कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक इस यात्रा को लेकर आने वाले रुझानों के मुताबिक ही कांग्रेस विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी रणनीति को अंतिम रूप देगी. इसमें आरजेडी के साथ सीटों के तालमेल से लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के संभावित बदलाव से जुड़े अहम फैसले शामिल हैं। वहीं भविष्य बताएगा कि इस पदयात्रा से कांग्रेस को कितना लाभ होगा.

# गुजरात पहुंचकर राहुल गांधी ने कह दी मन की बात, साथ ही बताया कांग्रेस सत्ता में क्यों नहीं आ रही?



**लोक तंत्र की आवाज़**

**अहमदाबाद।** राजनीति कितनी भी कटु और चुनौतीपूर्ण हो लेकिन कई बार नेताओं की जुबान पर सच्चाई आ जाती है. अब ताजा उदाहरण राहुल गांधी के एक बयान का है। वे अहमदाबाद पहुंचे थे और उन्होंने एक बात ऐसी बोली जिसपर चर्चा शुरू हो गई. उन्होंने गुजरात में कांग्रेस की स्थिति पर खुलकर अपनी बात रखी. उन्होंने स्वीकार किया कि बीते 30 वर्षों से कांग्रेस सत्ता से बाहर है और इसका कारण पार्टी की अपनी कमजोरियां हैं. उन्होंने कहा कि हर बार गुजरात में चुनावों की चर्चा होती है. 2007, 2012, 2017, 2022 और 2027 लेकिन सवाल सिर्फ चुनाव जीतने का नहीं है. गुजरात की जनता हमें तभी सत्ता में लाएगी जब हम अपनी जिम्मेदारी सही से निभाएंगे।

**आत्मविश्लेषण करने की नसीहत दीः** असल में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को अहमदाबाद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं को आत्मविश्लेषण करने की नसीहत दी. उन्होंने कहा कि गुजरात आगे बढ़ना चाहता है लेकिन वह फंसा हुआ महसूस करता है. और मैं साफ कहूं तो गुजरात कांग्रेस भी उसे रास्ता नहीं दिखा पा रही है. मैं यह बिना किसी शर्म और डर के कह रहा हूं कि हमारी पार्टी के नेता प्रदेश अध्यक्ष और खुद मैं भी गुजरात की जनता की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं।

### महात्मा गांधी का भी जिक्र किया

राहुल गांधी ने अपने संबोधन में महात्मा गांधी का भी जिक्र किया और कहा कि कांग्रेस को आजादी दिलाने में गुजरात की अहम भूमिका थी. उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस को ब्रिटिश हुकूमत का सामना करना पड़ा तब हमें नेतृत्व की तलाश थी. वह नेतृत्व हमें दक्षिण अफ्रीका से नहीं बल्कि गुजरात से मिला. गांधीजी ने हमें संघर्ष करने सोचने और आगे बढ़ने की राह दिखाई.

# तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार को सीएम पद के लिए किया अयोग्य घोषित

**लोक तंत्र की आवाज़**



**पटना।** बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सीएम नीतीश कुमार पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने नीतीश कुमार को सीएम पद के लिए अयोग्य घोषित कर दिया. उन्होंने बोला कि यदि बिहार में हमारी गवर्नमेंट बनी तो ताड़ी पर से प्रतिबंध हटा दिया जाएगा. तेजस्वी यादव ने बीजेपी के सीएम चेहरे को लेकर भी बड़ा बयान दिया।

राजद नेता तेजस्वी यादव ने बोला कि आप सभी जानते हैं कि ताड़ी प्राकृतिक है. ताड़ी पर प्रतिबंध के कारण लगभग 2 फीसदी जनसंख्या ने अपनी जॉब खो दी. पासी समुदाय आर्थिक और सामाजिक रूप से पीड़ित है, और जब पुलिस द्वारा उन पर धावा किया जाता है तो उन्हें शारीरिक रूप से भी कष्ट उठाना पड़ता है. यदि बिहार में हमारी गवर्नमेंट बनी तो हम ताड़ी को बिहार उत्पाद शुल्क अधिनियम 2016 से हटा देंगे। उन्होंने सीएम को लेकर बोला कि महागठबंधन में सीएम कौन है, इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता. मैं अपने काम में व्यस्त हूं. आगे क्या होगा, यह जनता तय करेगी. आपको बता दें कि कांग्रेस पार्टी विधायक अजीत शर्मा ने बुधवार को बोला था कि महागठबंधन में सीएम का चेहरा चुनाव के बाद तय किया जाएगा. कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी सीएम पद पर निर्णय करेंगे।

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने शराबबंदी को पूरी तरह विफल बताया. उन्होंने बोला कि जहरीली शराब के कारण अब तक 2,000 से अधिक लोगों की मृत्यु हो चुकी है. यदि हमारी गवर्नमेंट बनी तो हम ताड़ी को शराबबंदी से बाहर कर देंगे. तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए बोला कि नीतीश कुमार सीएम पद के लायक नहीं हैं. सदन में सीएम नीतीश कुमार के भाषण के दौरान मेरा माइक बंद कर दिया गया।

उन्होंने आगे बोला कि दुनिया 2005 के बाद ही अस्तित्व में आई. पहले चाँद या तारे नहीं थे. पहले दिन ऐसा नहीं हुआ. अभी तो रात ही थी. लालू यादव ने कितने पीएम बनाए? यह बात छोड़िए, मैंने नीतीश कुमार को दो बार सीएम बनाया है. तेजस्वी ने प्रशांत किशोर के राघोपुर से चुनाव लड़ने के प्रश्न को टाल दिया. उन्होंने इसका उत्तर नहीं दिया।

### ● बिहार में हमारी गवर्नमेंट बनी तो ताड़ी पर से प्रतिबंध हटा दिया जाएगा: तेजस्वी

# 17 साल पहले तो आपने कहा था... कांग्रेस ने डुप्लीकेट मतदाता पहचान पत्र पर चुनाव आयोग को घेरा, याद दिलाया पुराना बयान

**लोक तंत्र की आवाज़**




**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को डुप्लीकेट मतदाता पहचान पत्र संख्या पर चुनाव आयोग के स्पष्टीकरण को ₹ढोंग₹ करार दिया. साथ ही इस मुद्दे पर चुनाव आयोग से आगे सफाई मांगी गई. डुप्लीकेट मतदाता पहचान पत्र संख्या पर कांग्रेस ने लीपापोती का आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव आयोग पूरे मामले पर बचने का प्रयास कर रहा है. चुनाव आयोग ने एक दिन पहले कहा था कि वह अगले तीन महीनों में ₹दशकों से चले आ रहे₹ मामले को सुलझाएगा. कांग्रेस के नेताओं और विशेषज्ञों के सशक्त कार्य समूह (ईगल) ने एक बयान में कहा, ₹कांग्रेस पार्टी ईसीआई द्वारा दिए गए इस कमजोर और ढुलमुल स्पष्टीकरण को खारिज करती है और भारत में मतदाता सूचियों की पवित्रता पर सफाई देने की अपनी मांग दोहराती है।

ईगल एक आठ सदस्यीय समिति है, जिसे चुनाव आयोग द्वारा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के संचालन की निगरानी के लिए पिछले महीने कांग्रेस द्वारा गठित किया गया था. समूह ने कहा कि भारत के चुनाव आयोग ने एक ही मतदाता पहचान पत्र को कई मतदाताओं को आवंटित किए जाने के मुद्दे पर दोहरा जवाब दिया है. अपने जवाब में चुनाव आयोग ने अपनी प्रक्रियाओं के पीछे छिपकर एक कमजोर स्पष्टीकरण दिया है. आश्चर्य की बात नहीं है कि चुनाव आयोग को यह स्वीकार करने के लिए मजबूर होना पड़ा है कि उसकी मतदाता सूचियों में गलतियां हैं. वो भरोसेमंद नहीं हैं।

### चुनाव आयोग ने आई डी को बताया था यूनीक'

कांग्रेस ने कहा कि 18 सितंबर, 2008 को जारी एक पत्र में चुनाव आयोग ने सभी राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को बताया कि "मतदाता पहचान पत्र यूनीक हैं. हालांकि, चुनाव आयोग आज कहता है कि डुप्लिकेट मतदाता पहचान पत्रों का मुद्दा 'दशकों पुराना मुद्दा' है. भारत के नागरिकों को चुनाव आयोग के किस बयान पर विश्वास करना चाहिए? आज एक औसत भारतीय मतदाता को चुनाव आयोग पर भरोसा क्यों करना चाहिए? कांग्रेस पार्टी ने कहा कि ऐसा कैसे है कि 17 साल बाद, चुनाव आयोग कई मतदाता पहचान पत्रों की इस प्रक्रिया को साफ करने के लिए एक निकाय के गठन की बात करता है? पूछा गया, "क्या चुनाव आयोग भारत के मतदाताओं को यह गलत जानकारी दे रहा था कि मतदाता पहचान–पत्र यूनीक हैं? यदि हाँ, तो चुनाव आयोग अपने नागरिकों को क्या अन्य प्रक्रियाएं बता रहा है?" इन सवालों पर चुनाव आयोग की शुरुआती प्रतिक्रिया यह कहकर अपना बचाव करना था कि "यह केवल राज्यों में ही हो सकता है।

# हरियाणा, महाराष्ट्र के बाद अब बिहार बीजेपी की जीत की पटकथा लिखने में जुटा संघ

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नागपुर।** बिहार में इस साल सितंबर–अक्टूबर में होने जा रहे विधानसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हाइपर एक्टिव हो गया है. इससे पहले बीते साल पहले हरियाणा और फिर महाराष्ट्र में संघ हाइपर एक्टिव था और उसी कारण दोनों राज्यों में भाजपा को शानदार जीत मिली थी। रिपोर्ट के मुताबिक संघ पटना से दो हजार से अधिक किमी दूर एक अहम बैठक करने जा रहा है। इस बैठक में बिहार और फिर अगले साले होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की रणनीतियों को लेकर चर्चा की जाएगी।

बेंगलुरू में संघ की 21 से 23 तक अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक होने जा रही है. इसमें 1500 से 1600 प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे. भाजपा सहित संघ के सभी सहयोगी संगठन के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे. इस बैठक में संघ 1 वर्ष के कामकाज की रूपरेखा तय करता है. यह संघ की स्थापना का 100 वर्ष है. ऐसे में इस बैठक में मुख्य रूप से संघ अगले वर्ष के कार्यक्रमों के बारे में विचार करेगा. विजयादशमी 2025 से विजयदशमी 2026 तक संघ अपना शताब्दी वर्ष मनाएगा. इस दौरान संघ के किस तरीके से कार्यक्रमों को आयोजित करना है. इस संबंध में भी यहां पर चर्चा होगी।

संघ के अखिल भारतीय प्रतिनिधिसभा में 45 प्रांत के साथ–साथ सभी क्षेत्र के क्षेत्र प्रमुख, प्रांत प्रमुख मौजूद रहते हैं. इसके अतिरिक्त संघ के सभी 32 सहयोगी संगठनों के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे. इसमें विश्व हिंदू परिषद, भारतीय मजदूर संघ, भारतीय किसान संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्र सेविका समिति, जैसे सभी संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे. प्रतिवर्ष से बैठक मार्च में होती है और हर 3 साल बाद यह बैठक चुनावी वर्ष के रूप में मानी जाती है, जो कि हर तीसरे वर्ष नागपुर में बैठक संपन्न होती है. पिछले वर्ष यह बैठक नागपुर में हुई थी और इस वर्ष यह बैठक बेंगलुरू में हो रही है।

**बिहार प्रवास पर संघ प्रमुखः** इस बैठक से पहले आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का बिहार दौरा काफी अहम माना जा रहा है. आरएसएस के विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस बैठक में बिहार चुनाव के संबंध में भी चर्चा होगी. बिहार चुनाव से संबंधित सभी सहयोगी संगठनों को कार्य करने का भी दिशा निर्देश तय किया जाएगा. बिहार प्रवास से पहले आरएसएस के सरसंचालक मोहन भागवत पूर्वी भारत के प्रवास पर थे. 10 दिन का बंगाल प्रवास, 5 दिन का असम प्रवास, चार दिन का अरुणाचल प्रवास के लावा अब वह बिहार प्रवास पर हैं. अगले साल मार्च–अप्रैल के महीने में बंगाल में चुनाव होने की संभावना है, उस संबंध में भी इस बैठक में चर्चा होने की पूरी संभावना बताई जा रही है। भाजपा यदि अपने नए अध्यक्ष का चुनाव 20 मार्च तक कर लेती है तो पूरी संभावना है कि नए अध्यक्ष भी इस बैठक में वो शामिल होंगे. इस बैठक में सरसंचालक डॉक्टर मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होशबले, 6 सह सरकार्यवाह क्रमशः डॉक्टर कृष्ण गोपाल, केसी मुकुंद आदि शामिल होंगे।

### पटना से 2000 किमी दूर सीक्रेट मीटिंग



# हिजबुल मुजाहिदीन का 25 हजार का इनामी आतंकी गिरफ्तार, पाकिस्तान से ट्रेनिंग लेकर आया था भारत

**लोक तंत्र की आवाज़**

**मुरादाबाद।** यूपी एटीएस ने आतंकियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। हिजबुल मुजाहिदीन का फरार आतंकी उल्फत हुसैन मुरादाबाद से गिरफ्तार कर लिया गया है। इस आतंकी पर 25 हजार रुपए का इनाम था। एटीएस ने कटघर पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाकर इस आतंकी को गिरफ्तार किया है।

**पाकिस्तान से ली थी ट्रेनिंग :** गिरफ्तार किए गए आतंकी ने 1999 से 2000 के बीच पाकिस्तान से ट्रेनिंग ली थी, इसके बाद वह भारत आया था। आरोपी जम्मू कश्मीर का रहने वाला है। एटीएस की सहारनपुर यूनिट ने उसे गिरफ्तार किया है।



**हालही में कौशांबी से भी गिरफ्तार हुआ था आतंकीः** इससे पहले उत्तर प्रदेश पुलिस की रळा और पंजाब पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर कौशांबी जिले से बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के एक कथित एक्टिव आतंकवादी को गिरफ्तार किया था। आतंकवादी की पहचान पंजाब के अमृतसर के रामदास क्षेत्र के कुर्लियान गांव के रहने वाले संदिग्ध आतंकी लजर मसीह के रूप में हुई थी। आतंकी की गिरफ्तारी को लेकर उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। उन्होंने बताया था कि आंतकी लजर हाल ही में संपन्न हुए प्रयागराज महाकुंभ में आतंकी घटना करने की फिराक में था। उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने गिरफ्तार किए गए बब्बर खालसा इंटरनेशनल के आतंकी लजर को लेकर कई चौंकाने वाले खुलासे किए थे। उन्होंने बताया था कि आतंकी लजर लगातार पाकिस्तान में बैठे क्रकके साथ सम्पर्क में था। पाकिस्तान में बैठे कुछ हैंडलर उसे लगातार ड्रोन से गोला बारूद और असलहे भी भेज रहे थे। उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया था कि लजर यूपी के प्रयागराज जिले में संपन्न हुए महाकुंभ में कोई बड़ी आतंकी घटना करना चाहता था।

# अमेरिका और सऊदी अरब के साथ जेलेंस्की की बड़ी बैठक, क्या है नई रणनीति?

**लोक तंत्र की आवाज़**

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि देश शांति सुनिश्चित करने और सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अमेरिका और सऊदी अरब सहित अपने सहयोगियों के साथ लगातार काम कर रहा है। एक्स पर एक पोस्ट में, जेलेंस्की ने कहा कि रूस के साथ शांति को तेज करने के लिए अपने सहयोगियों के साथ बहुत काम किया जाएगा। हम उन सहयोगियों के साथ काम करना जारी रखते हैं जो हमारी तरह शांति चाहते हैं, आवश्यक कदमों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। अगले सप्ताह, यूरोप में,



अमेरिका के साथ और सऊदी अरब में बहुत काम होगा-हम शांति में तेजी लाने और सुरक्षा की नींव को मजबूत करने के लिए एक बैठक की तैयारी कर रहे हैं। जेलेंस्की ने एक्स पर लिखा।

आज, राष्ट्रपति ट्रम्प की टीम के साथ विभिन्न स्तरों पर गहन काम चल रहा है – कई कॉल। विषय स्पष्ट है – जल्द से जल्द शांति, यथासंभव विश्वसनीय सुरक्षा। यूक्रेन एक रचनात्मक दृष्टिकोण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है, उन्होंने कहा। इससे पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वह रूस पर बड़े पैमाने पर बैंकिंग प्रतिबंध और शुल्क लगाने पर ₹दृढ़ता से विचार कर रहे हैं जब तक कि यूक्रेन के साथ युद्धविराम और अंतिम शांति समझौता समझौता नहीं हो जाता।

शुक्रवार को ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में, ट्रम्प ने लिखा, इस तथ्य के आधार पर कि रूस अभी युद्ध के मैदान में यूक्रेन को पूरी तरह से पिट रहा है, मैं रूस पर बड़े पैमाने पर बैंकिंग प्रतिबंध, प्रतिबंध और शुल्क लगाने पर दृढ़ता से विचार कर रहा हूं जब तक कि युद्धविराम और शांति पर अंतिम समझौता समझौता नहीं हो जाता। रूस और यूक्रेन के लिए, बहुत देर होने से पहले, अभी टेबल पर आ जाओ, उन्होंने कहा। इस बीच, अल जज़ीरा के अनुसार, यूक्रेन और संयुक्त राज्य अमेरिका ने संकेत दिया है कि वे रूस के युद्ध को समाप्त करने के लिए एक ढांचे पर चर्चा करने के लिए अगले सप्ताह सऊदी अरब में मिलेंगे।

# यूक्रेन युद्ध शांति वार्ता के लिए शर्तों पर तैयार हुआ रूस, ट्रंप ने दोनों देशों पर बनाया दबाव

**लोक तंत्र की आवाज़**

**क्रेमलिन।** रूस–यूक्रेन संघर्ष मामले में शांति वार्ता के लिए रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भी हां कर दी है, लेकिन क्रेमलिन कई शर्तों के साथ इस बातचीत के लिए तैयार हुआ है। रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने के अनुसार स्थायी शांति बहाल करने के कई प्रयासों के बीच मॉस्को वार्ता के लिए 'त्रिपक्षीय बैठक' करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि वर्तमान अमेरिकी प्रशासन, अपने पूर्ववर्तियों की तुलना में संघर्ष को रोकने की दिशा में 'सही संकेत' प्रदर्शित कर रहा है।



संघर्ष को समाप्त करने के इरादे को दर्शाने वाली अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की घोषणा के बारे में पूछे जाने पर, राजदूत ने रूस के दृष्टिकोण से स्थिति की व्यापक रूपरेखा पेश करनी चाही। रूस–यूक्रेन युद्ध फरवरी 2022 में शुरू हुआ था और संघर्ष को हल करने और स्थायी शांति प्राप्त करने के लिए विभिन्न हलकों से प्रयास किए जा रहे हैं। अलीपोव ने कहा कि वह यूरोप के पुनः सैन्यीकरण के बारे में बात कर रहे हैं और हाल ही में एक बैठक भी हुई थी। उन्होंने कहा, ''हमें इन शर्तों को क्यों स्वीकार करना चाहिए?

**रूस ने कहा–हम युद्ध जीत रहे, फिर भी वार्ता को तैयारः** रूसी राजदूत ने कहा कि साफ शब्दों में कहें तो कोई शांतिपूर्ण वार्ता किए बिना भी आगे बढ़ सकते हैं, हम यह युद्ध जीत रहे हैं, फिर भी हम शांति समझौते के लिए तैयार हैं। हम इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ना चाहते हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि इस समय यूरोप और यूक्रेन इसमें बाधा बन रहे हैं। निजी तौर पर मुझे नहीं लगता कि यह प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ेगी।' बता दें कि डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन पर शांति समझौते के साथ आगे बढ़ने का दबाव बनाए रखा है। क्योंकि क्रेमलिन कुछ शर्तों के तहत एक अस्थायी संघर्ष विराम को स्वीकार करने के लिए तैयार होगा। लिहाजा अमेरिकी राष्ट्रपति कीव के लिए वर्षों से जारी मदद को भी बंद कर दिया है। अमेरिका मास्को को खुश करने की कोशिश कर रहा है। ओवल ऑफिस में पत्रकारों से ट्रम्प ने कहा, ₹हम रूस के साथ बहुत अच्छा कर रहे हैं।₹ ₹मुझे यूक्रेन से निपटना अधिक कठिन लग रहा है। अमेरिका रूस से प्रतिबंध हटाने समेत कई तरह की सहूलियतों पर बात कर रहा है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पुलिस ने मारपीट मामले सहित दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के मुड़लाचक मुहल्ला निवासी मारपीट के आरोपी शहनवाज खान उर्फ गोल्डन समेत बाघीबरडीहा ग्रामीण फरार वारंटी मुसाफिर यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायालय भेज दिया है। पुलिस ने बताया गिरफ्तार खान के विरुद्ध स्थानीय थाने में कांड संख्या 115/25 दर्ज था, जबकि यादव के विरुद्ध कोर्ट के वारंट के तहत पकड़ा गया।

### बीपीआरएस यूनियन ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन होली की गीतों से झूमे लोग



**सुनील कुमार**

**नवादा।** नवादा शहर के एक निजी होटल बीपीआरएस यूनियन नवादा के लोगों ने बड़े धूमधाम से होली मिलन समारोह का आयोजन किया लोगों ने एक से एक बढ़कर होली गीत प्रस्तुत किया एवं रंग अमीर गुलाल एक दूसरे को लगाकर होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी इस मौके पर लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा था इस होली मिलन समारोह में यूनियन के द्वारा कई तरह का व्यंजन का बनाया गया लोगों ने इसका खूब आनंद लिया इस मौके पर उपस्थित सचिव हिमांशु शेखर अध्यक्ष मुरारी मोहन धारू भगत बबन पांडे राजेश कुमार राजीव कुमार अमरनाथ कुमार रणधीर कुमार अमित कुमार प्रदीप कुमार राहुल कुमार सानू रवि कुमार पांडे एवं सैकड़ो लोग शामिल रहे।

### कौआकोल: मधुरापुर गांव में निकाली गई साक्षरता रैली निकाली गई



**कौआकोल।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रखण्ड के मधुरापुर गांव में साक्षरता रैली निकाली गई। एजुकेट गर्ल की सहायता से ग्राम निर्माण मंडल द्वारा संचालित प्रगति परियोजना के अंतर्गत प्रखण्ड के पांच प्रखंडों कौआकोल, पकरीबरावां, रोह, अकबरपुर एवं रजौली में महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किये गए। ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने बताया कि साक्षरता रैली के अलावे रंगोली, चित्रांकन, खेल-कूद, गीत संगीत आदि का आयोजन कर बालिकाओं और महिलाओं को उनके अपने अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा जीवन में शिक्षा के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।

### 31 मार्च तक हर हाल में राशन उपभोक्ताओं का केवाईसी कराने का निर्देश

**कौआकोल।** नवनिर्मित प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय भवन के सभागार कक्ष में शनिवार को बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार की अध्यक्षता में डीलरों एवं विकासमित्र सहित अन्य सम्बंधित कर्मियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सभी डीलरों को डोर टू डोर जाकर राशन कार्ड के उपभोक्ताओं का केवाईसी करने का निर्देश दिया गया। बीडीओ ने बताया कि सभी डीलरों को हर हाल में 31 मार्च तक डोर टू डोर जाकर उपभोक्ताओं का केवाईसी करने का निर्देश दिया गया है। वहीं विकासमित्रों एवं अन्य सम्बंधित कर्मियों को लाभुकों के बीच जाकर उन्हें जागरूक कर केवाईसी कराने का निर्देश दिया। मौके पर प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी, प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

# महिला दिवस के पूर्व संध्या पर पत्रकारों एवं महिलाओं को किया सम्मानित

**लोक तंत्र कीआवाज**



**पटना।** राजधानी पटना के आईबीएम सभागार में पत्रकार संघ द्वारा 51 महिलाएं और 51 पत्रकारों को सम्मानित किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व बिधान परिसद सदस्य डॉ रणवीर नंदन एवं राजद विधायक रणविजय साहू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया इस मौके पर प्रो फेसर रणबीर नंदन ने कहा कि पत्रकार समाज के चौथे स्तंभ होते है और ये लोग बिना कोई भेदभाव किये समाज के लोगो के लिए काम करते है पत्रकार जनता और समाज के बीच की कड़ी है इस मौके पर श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष श्री आलोक कुमार ने कहा कि पत्रकारों को खाश कर सोशल मीडिया को एक पक्षीय लिखने से परहेज करना चाहिए और तथ्यों को समझ कर लिखना चाहिए कार्यक्रम में पूर्व केन्द्रीय मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि पत्रकार ही एक ऐसे प्राणी है जो समाज के सुख दुख और दर्द में साथ होते है इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक पत्रकार संघ के सचिव रणजीत कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य है समाज के उन सरस्वती पुत्रों को सम्मानित करना जो लोगो को सरकार से जोड़ने में कड़ी की भूमिका में है पत्रकार और कवि रवि कुमार ने जब पत्रकारो के सम्मान के साथ सुरक्षा का सवाल उठाया तो पूर्व केन्द्रीय मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि बिहार में कानून का राज कायम है और इसके लिए एन डी ए सरकार दिन रात काम कर रही है और पत्रकारों की सुरक्षा सरकार की पहली प्राथमिकता में शामिल है इस अवसर पर गाँधी वादी पत्रकार प्रेमकुमार राजद नेता दीनानाथ प्रसाद यादव वरिष्ठ पत्रकार राणबिजय सिंह व कवि और पत्रकार रवि कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे कार्यक्रम में अंशु अवस्थी नीता सिन्हा निधि राज सोनिया सिंह प्रीतिलता तिवारी किरण दीप श्री वास्तव रुचि श्री वास्तव शक्ति सिंह राजपूत मिथलेश कुमार पाठक जितेंद्र कुमार चंदन कुमार तिवारी सहित कई लोगो को सम्मानित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता पत्रकार संघ के सचिव रंजीत कुमार ने किया वही धन्यबाद ज्ञापन वरिष्ठ पत्रकार आलोक कुमार ने किया।



# शिक्षा संस्कार की जननी है, इसे अवश्य ग्रहण करें: ब्रह्मकुमारी अनिता दीदी



**लोकतंत्र की आवाज**

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** शिक्षा संस्कार की जननी है, इसे अवश्य ग्रहण करें। शिक्षा ही एक माध्यम है जिससे ग्रहण करने वालो की सर्वत्र प्रतिष्ठा होती है। उक्त बातें शुक्रवार को वारिसलीगंज प्रखण्ड की सीमा पर अवस्थित काशीचक प्रखण्ड के पार्वती पहाड़ के पास बुद्धायन पब्लिक स्कूल का उदघाटन करते हुए भागलपुर से आई ब्रह्मकुमारी अनिता दीदी एवं रत्ना दीदी ने कही। कहा कि यह स्कूल बुद्धायन सेंटर आफ एक्सीलेंस काउंसिल की पहली इकाई बिहार में है। जो इस क्षेत्र को शिक्षारूपी प्रकाश से जगमगाने आया है। विद्यालय व संस्था के संस्थापक निदेशक मंडली में ई. राजेश कुमार, ई. दिलीप कुमार सिंह, सीए तांकेश्वर आजाद, सचिदानंद सिंह, डा अल्का सिंह, प्रियंका रानी, कुमारी अर्चना सिंह हैं। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि इस संस्थान के संचालन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में नई शिक्षा का लौ जगाना है। निदेशकों ने अपने संबोधन में कहा कि बुद्धायन पब्लिक स्कूल एक अत्याधुनिक शिक्षा प्रणाली एनसीपी 2020 तथा एनसीपी 2024 के अनुरूप शिक्षा प्रदान करना है। संस्था के उद्देश्यों में सिर्फ शिक्षा पाना नहीं बलिक जीवन में शिक्षा का आत्मसात करना है। जीना सत्य है, सत्य शांति एवं ब्रह्मांड का ज्ञान पाना है, जिसे ग्रहण कर इंसान सम्पूर्ण जगत को जागृति दे सकें। विद्यालय की विशेषताओ में विषयवार सक्षम शिक्षक, बच्चों के समग्र विकास को ले स्पोर्ट्स की व्यवस्था, अत्याधुनिक लाइब्रेरी, घुड़सवारी, विभिन्न प्रकार के खेलों का प्रशिक्षण की व्यवस्था की गारंटी ट्रस्ट मैनेजमेंट देते हुए बच्चों को मानसिक एवं शारीरिक विकास देने के लिए कृत संकल्पित है। मौके पर राजकुमार, विधायक प्रतिनिधि शैलेंद्र सिंह, राजेश कुमार मंटू समेत बड़ी संख्या में अविभावकों की उपस्थिति देखी गई।

# केवीके में महिला दिवस पर किसान चौपाल का आयोजन



**लोक तंत्र कीआवाज**

**कौआकोल।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रखण्ड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा में कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा, नवादा के द्वारा कृषि चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० जयवंत कुमार सिंह ने महिला सशक्तिकरण, महिला के अधिकार एवं नारी शक्ति पर विस्तृत रूप से जानकारी दिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को प्राकृतिक खेती के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं को पपीता का पौधा देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ० शशांक शेखर सिंह, अंगद कुमार, सलोनी कुमारी, पिंटू पासवान, सरवन रविदास आदि मौजूद रहे।

# मिलन समारोह की सफलता हेतु एकजुट हुए ग्रामीण चिकित्सक, ग्रामीण चिकित्सकों का सही नियत और संघ के प्रति समर्पण भाव जरूरी डॉक्टर शर्मा

**लोक तंत्र कीआवाज**



**बख्तियारपुर।** जनजीवक कल्याण एकता संघ के प्रधान कार्यालय न्यू जनता पॉली क्लिनिक .....पुराने बाईपास स्टेशन रोड बख्तियारपुर के सभागार में होली मिलन समारोह की सफलता हेतु प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार शर्मा के अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न की गई जिसमें प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉक्टर परवेज अख्तर की उपस्थिति में साथ में दंत चिकित्सक डॉक्टर राकेश कुमार के अलावे कई ग्रामीण चिकित्सकों में डॉक्टर जमील, डॉ अरविंद कुमार, डॉक्टर सनी कुमार, डॉ प्रवीण कुमार, मनीष, नेहा कुमारी, उषा कुमारी, खुशबू कुमारी, डॉक्टर सुजीत कुमार इत्यादि उक्तमौके पर उपस्थित रहे । प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार शर्मा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि होली मिलन समारोह परंपरागत मनाया जाता रहा है ; इस कार्यक्रम में उसकी सफलता के लिए आप सबों का सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि आयोजन करता का मुख्य केंद्र प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ प्रवेश अख्तर की भूमिका हमेशा रही है, इस संदर्भ में बातचीत के क्रम में इस समारोह के अलावे पवित्र रमजान चल रहा है। सभी समुदाय के लोग सौहार्दपूर्ण वातावरण भाईचारा का माहौल में मनाने की अपील की डॉ शर्मा ने कहा कि इस महान पर्व दोनों का निर्वहन भली भाती मानने को लेकर आवाहन किया कि प्रदेशवासियों विशेष कर मुस्लिम भाई चिकित्साक को शुभकामनाएं एवं मुबारकबाद दिया है यह महीना रहमत का महीना होता है, पूरे महीने में खुदा की ओर से रहमतों की बारिश होती है। खुदा की नजर में रोजेदारों की दुआएं मकबूल होती हैं, खुदा उनकी इबादत को स्वीकार करते है उसके बदले सबों पर रहमतों की बारिश होती है। डॉ परवेज अख्तर प्रदेश कोषाध्यक्ष ने होली की तैयारी को लेकर ग्रामीण चिकित्साको से आग्रह किया आए हम सब मिलकर दोनों पर्वों को हर्षो उल्लास से मनाई आप सबों की मानना जरूर पूरी होगी,, प्रदेश अध्यक्ष को 25 वर्षों का अनुभव इतिहास गौरवशाली सफल रहा है इनके नेतृत्व में सारा कार्य संपन्न हुआ जरूरत है एकजुट होने का संकल्प लेने की हाथों को मजबूत करने की अपील की।

# गोविंदपुर : बीडीओ ने राशन डीलरो के साथ किया बैठक, जल्द ई- केवाईसी पूरा करने का दिया निर्देश

**लोक तंत्र कीआवाज**



**गोविंदपुर।** गोविंदपुर के बीडीओ कुमार शैलेंद्र ने शुक्रवार को प्रखंड के राशन डीलरों के साथ प्रखंड कार्यालय सभागार में बैठक की। बैठक के दौरान एमओ अजीत कुमार मौजूद थे। एमओ ने बताया कि सभी राशन कार्डधारियों का या उसके मेंबर का बायोमीट्रिक ई-केवाईसी कराना है। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन पाने वाले शत प्रतिशत लाभुकों का ई-केवाईसी में गति लाएं। यह कार्य अति आवश्यक है। इसमें लापरवाही बरतने वाले पीडीएस डीलरों पर कार्रवाई होगी। यह निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार शैलेंद्र ने शुक्रवार को गोविंदपुर प्रखंड क्षेत्र के डीलरों को दिया। वही डीलरों की दुकान पर चल रहे ई-केवाइसी कार्यों की समीक्षा करते हुए इसकी धीमी रफ्तार पर नाराजगी जाहिर करते हुए ग्रामीण क्षेत्र के डीलरों को इस काम को गंभीरता पूर्वक करने को कहा। वीडीओ से सभी डीलरों को 15 दिनों में इस कार्य को शत प्रतिशत पूरा करने को कहा। ई-केवाईसी के लिए प्रत्येक लाभुकों को जागरूक करने का निर्देश दिया। बताया कि लाभुकों को यह बताएं कि राशन कार्ड में अंकित जिन सदस्यों का ई-केवाईसी नहीं किया जाएगा वे भविष्य में खाद्यान लाभ से वंचित होगें। जो लाभुक बाहर हैं उनके परिवार के मुखिया को उन्हें बुलाकर ई-केवाईसी के लिए कहें। बैठक में सदर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अजीत कुमार सहित पीडीएस डीलर , विकास मित्र, रोजगार सेवक मौजूद थे।

# उच्च गुणवत्ता वाली सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : सांसद

## जन औषधि दिवस पर सांसद ने चलाया जागरूकता अभियान

**लोकतंत्र की आवाज**



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** जिले का एकमात्र वारिसलीगंज स्थित जन औषधि केंद्र के एक वर्ष पूरा होने पर शुक्रवार को जन औषधि दिवस के रूप में मनाया गया। सांसद विवेक ठाकुर, विधायक अरुणा देवी समेत अन्य गण्यमान्य लोगों ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सांसद ने लोगों से केंद्र पर पहुंचकर सस्ती दवा का उपयोग करने का आह्वान किया। कहा कि देशवासियों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा उपलब्ध कराना ही भारत सरकार की पहली प्राथमिकता है। इसके लिए पूरे देश में अभियान चलाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। बता दें कि वारिसलीगंज स्थित जन औषधि केंद्र का शुभारंभ मार्च 2024 में किया गया था। सांसद ने कहा कि सरकार का उद्देश्य हर व्यक्ति को बेहतर चिकित्सा व सस्ती दवा उपलब्ध कराने के साथ-साथ आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत देशवासियों को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराना है। इसके लिए पूरे देश में 25000 जन औषधि केंद्र खोला जाना है। हर घर और गांव तक सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पहुंचे इसके लिए पंचायत के पैक्स तक जन औषधि केंद्र खोले जाने की सरकार की योजना है। औषधि केंद्र खोलने के लिए महिला, दिव्यांग व गरीबों को प्राथमिकता दी जाएगी। कार्यक्रम को विधायक समेत मुकेश कुमार दिनकर, राजकुमार सिंह, शैलेंद्र शर्मा आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर जिला पार्षद पंकज सिंह, भाजपा नेता प्रमोद कुमार चुन्नू, शैलेंद्र सिंह, अजय कुमार रविकांत, श्याम सुंदर सिंह, निरंजन कुमार, संजीव कुमार, अजय कुमार राय, अरुण कुमार, विजय कुमार राय, गोपाल कुमार सोनू, रामप्रवेश सिंह आदि मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन मुकेश कुमार दिनकर ने करते हुए सांसद का अभिवादन के साथ क्षेत्र के लोगों को दवा का लाभ लेने का सुझाव दिया।

# डीआरडीए निदेशक रवि जी ने मनरेगा कार्यालय में की समीक्षात्मक बैठक

**लोकतंत्र की आवाज**



**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** अनुपस्थित रहे पांच पीआरएस से शो कॉजडीआरडीए निदेशक मनरेगा रवि जी शनिवार को पकरीबरावां पहुंचें, जहां उन्होंने मनरेगा कार्यालय में मनरेगा के अंतर्गत चल रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। नवादा में डीआरडीए निदेशक मनरेगा के तौर पर पोस्टिंग के बाद अपने कार्य की शुरुआत उन्होंने पकरीबरावां मनरेगा कार्यालय में पहली बैठक करके की। पोस्टिंग के उपरांत अगले ही दिन वे मनरेगा कार्यालय पहुंचे। बैठक में मौजूद रहे मनरेगा पीओ कौशल किशोर, पीटीए अजय सिन्हा, जेई लालनी रंजन एवं विभिन्न पंचायत के पीआरएस से मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों की जानकारी ली। साथ ही उनके कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान पीओ समेत सभी कर्मियों को कई आवश्यक निर्देश दिए।

निदेशक ने मनरेगा के तहत विभिन्न पंचायतों में बनाए जा रहे खेल मैदान के कार्यों की समीक्षा की। कबला, कोनंदपुर एवं धमौल में खेल मैदान के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में पांच पीआरएस बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए। वहीं, सात पीआरएस के आवास योजना के सर्वे में जाने की बात पीओ द्वारा बताई गई। निदेशक ने सभी अनुपस्थित पीआरएस से स्पष्टीकरण मांगा है। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी के माध्यम से दो दिनों के अंदर जवाब मांगा गया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर अग्रेत्तर कार्रवाई भी बात कही। पीटीए भारत कुमार एवं लेखपाल सुमित कुमार भी अनुपस्थित थे, जिसपर पीओ ने बताया कि पीटीए भरत कुमार अवकाश पर हैं एवं लेखपाल नवादा कार्यालय के काम से गए हुए हैं। पीटीए के अवकाश पर जाने के आवेदन मांगने पर पीओ ने बताया कि व्हाट्सएप पर आवेदन भेजा गया है। निदेशक ने स्पष्ट तौर पर कहा कि कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मनरेगा के तहत जितनी भी योजनाएं चल रही है, उसका सही ढंग से क्रियान्वयन हो। जो भी योजना अपूर्ण है, उसे शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के बाद निदेशक ने धेवधा एवं उकौड़ा में मनरेगा अंतर्गत बनाए जा रहे खेल मैदान का जायजा लिया। कहा गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। बैठक के दौरान पीआरएस प्रदीप प्रसाद, वरुण कुमार सहित अन्य थे।

# पकरीबरावा : प्रखंडस्तरीय प्रतियोगिता में बच्चों में दिखा गजब का उत्साह

**लोकतंत्र की आवाज**



**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** इंटर विद्यालय पकरीबरावां में शनिवार को प्रखंडस्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई। बिहार दिवस के अवसर पर यह प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों से चयनित 100 से ज्यादा बच्चे शामिल हुए। निर्णायक मंडल में बीआरपी किशोरी शरण वर्मा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय हसनगंज के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा, प्राथमिक विद्यालय पकरी के शिक्षक सुबोध कुमार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मिर्जापुर के शिक्षक सूर्यप्रकाश, उत्क्रमित मध्य विद्यालय रेवार पश्चिमी के शिक्षक संतोष कुमार एवं मध्य विद्यालय धमौल के सूर्यदेव प्रसाद यादव शामिल हुए। क्विज में वर्ग एक से पांच में मध्य विद्यालय थालपोस के अमन राज, वर्ग छह से आठ में उत्क्रमित मध्य विद्यालय छतरवार के शिवम कुमार एवं वर्ग नौ से बारह में उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय भलुकी के दुलार चौहान प्रथम स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग में वर्ग एक से पांच में उत्क्रमित मध्य विद्यालय रेवार पश्चिमी की पलक भारती, छह से आठ में मध्य विद्यालय उकौड़ा के सन्नी कुमार, वर्ग नौ से बारह में रामधन मुलको प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय की कृतिका राज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गणित ओलंपियाड में वर्ग एक से पांच में मध्य विद्यालय थालपोस की अनुष्का शर्मा, वर्ग छह से आठ में उत्क्रमित मध्य विद्यालय करतारा के दिलीप कुमार एवं वर्ग नौ से बारह में इंटर विद्यालय पकरीबरावां के सौरव कुमार यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस बीच बीपीएम रितेश कुमार एवं बीआरपी सुंदर प्रसाद यादव ने प्रतियोगिता का जायजा लिया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### डीएम ने किया कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण




ब्यूरो रितेश मिश्रा
हरदोई जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने शनिवार को राजकीय इंटर कॉलेज हरदोई में बोर्ड परीक्षा हेतु बनाये गए कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम में लगी स्क्रीन पर जनपद के विभिन्न परीक्षा केदो पर चल रही परीक्षा को देखा। उन्होंने कंट्रोल रूम प्रभारी उप जिलाधिकारी राकेश सिंह को निर्देश दिए की परीक्षा के दौरान सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट की लोकेशन ली जाए। सेक्टर मजिस्ट्रेट के परीक्षा केंद्र भ्रमण का विवरण रजिस्टर में दर्ज किया जाए। कुछ भी संदिग्ध दिखने पर संबंधित अधिकारी से बात की जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर सुशील मिश्रा व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### नगीना विधायक मनोज पारस ने समाज कल्याण विभाग को क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं से संबंधित दिया प्रस्ताव



रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह
नगीना। विधायक नगीना पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार मनोज पारस द्वारा दिनांक 18 जनवरी 2023 को उत्तर प्रदेश विधान मंडल दल की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, तथा विमुक्त जनजातियों संयुक्त समिति की बैठक में अपनी विधानसभा क्षेत्र नगीना जनपद बिजनौर के अनुसूचित बाहुल्य 27 गांव में विशेष कंपोनेंट के अंतर्गत मूलभूत सुविधा सीसी, नाली खड़ंजा आदि बनवाने की मांग की गई थी जिसमें मा० मनोज पारस जी की संस्तुति पर अनुसूचित बाहुल्य मात्र दो गांव में सीसी, नाली खड़ंजा आदि मूल सुविधा हेतु प्रमुख सचिव समाज कल्याण विभाग द्वारा एस्टीमेट बनवाने के लिए आदेश पारित किया था। इसी संबंध में 6 मार्च 2025 को विधायक नगीना पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश मनोज पारस ने माननीय मंत्री समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ से मुलाकात कर अपनी विधानसभा क्षेत्र नगीना जनपद बिजनौर के विशेष कॉम्पोनेंट योजना के अंतर्गत अनुसूचित बाहुल्य दो गांव ग्राम (1) रामपुर बिशना (2) ग्राम भरैकी में मूलभूत सुविधा जैसे-सीसी, नाली व खड़ंजा आदि मूलभूत सुविधाएं देने के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा दोनों गांव का स्टीमेट बनवाकर शासन को प्रेषित किया। जिस पर मंत्री समाज कल्याण विभाग ने आश्वासन दिया कि जल्द ही स्वीकृती मिलने के उपरांत कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### पुलिस और खनन माफिया के गुडफील बनी पत्रकारों की जान की दुश्मन अब दौलताबाद निवासी खनन माफिया किसके दम पर



रिपोर्ट मुकेश कुमार
नजीबाबाद वन विभाग की टीम पर हमले का प्रयास करने वाला माफिया अब समाचार पत्र में खबर छपने से बौखलाया हुआ है खबर प्रकाशित होने के बाद खनन माफिया ने पत्रकार पर ही जानलेवा हमला करने का प्रयास किया है बताया जाता है माफिया पत्रकार से रंजिश रखने लगा। इतना ही नहीं आरोपी खनन माफिया पूर्व में भी वन विभाग की टीम पर जानलेवा हमले का प्रयास कर चुका है। जानकारी के अनुसार नगर निवासी पत्रकार हरिद्वार के गेंड़ीखाता स्थित एक कार्यक्रम से वापस नजीबाबाद की ओर लौट रहा था। इसी दौरान मंडावली थाने के अंतर्गत मोटा महादेव मंदिर, भागूवाला बाईपास रोड पर भारत स्टोन क्रेशर के सामने थाना कोतवाली देहात के ग्राम दौलताबाद आसिफ कुछ युवकों को लेकर अपनी स्विफ्ट कार से खड़ा हुआ था। जैसे ही पत्रकार की गाड़ी सामने से आई तो खनन माफिया आसिफ डंडा लेकर गाड़ी को रोकने का प्रयास करने लगा लेकिन मौके की नजाकत को देखते हुए पत्रकार किसी तरह वहां से निकल गया। इससे पहले आरोपी खनन माफिया और उसके गुर्गे वन विभाग की टीम पर जानलेवा हमले का प्रयास कर चुके है। मंडावली क्षेत्र में घूमकर अवैध कार्यो को अंजाम देता है। उधर मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का जिला न्यायाधीश ने दीप प्रज्वलित व फीता काट कर शुभांरभ किया

लोक तंत्र की आवाज



उरई जालौन। आज सुबह 10:00 बजे माननीय जनपद न्यायाधीश श्री अचल सचदेव द्वारा फीता काटने के उपरान्त मां सरस्वती पर माल्यार्पण करके दीप प्रज्वलित करते हुये राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत् उद्घाटन किया गया। जनपद की सभी तहसीलों में स्थित दीवानी न्यायालयों में भी उक्त आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश एवं समस्त न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहें। राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित वादों की जानकारी देते हुए सचिव/अपर जिला जज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राजीव सरन द्वारा बताया गया कि आज माननीय जनपद न्यायाधीश श्री अचल सचदेव के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई राष्ट्रीय लोक अदालत में माननीय जिला जज द्वारा 35 मुकदमों का निस्तारण किया गया एवं मु0 1,90,20,173/- रू0 धनराशि पक्षकारों को दिलायी गयी। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि आज लोक अदालत में कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश श्री मनोज कुमार सिंह गौतम द्वारा 20 मुकदमों का निस्तारण करते हुये भरण पोषण के मामलें निस्तारित किये। इनके द्वारा 6 वैवाहिक मामले प्रीलिटिगेशन स्तर के भी निपटाये गये। अपर कुटुम्ब न्यायाधीश श्रीमती अमृता शुक्ला द्वारा 37 मुकदमों का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी श्री अनिल कुमार वशिष्ठ द्वारा 72 मामलों में विपक्षी बीमा कम्पनियों से पीड़ित याचीगण को 2,263,0000/-रू धनराशि क्षतिपूर्ति के रूप में दिलायी गयी। जिला उपभोक्ता संरक्षण आयोग के अध्यक्ष श्री विनोद कुमार द्वारा 10 मुकदमो का निस्तारण करते हुये 1169910/- रू0 याचीगण को दिलवाये गये। इसी क्रम में स्थायी लोक अदालत (पी0यू0एस0) के अध्यक्ष श्री राजवर्धन गुप्ता द्वारा भी 02 मुकदमा में पक्षकारों के मध्य सुलह कराते हुये उन्हें विवाद से राहत प्रदान की गयी। अपर जिला जज-प्रथम श्री शिवकुमार द्वितीय द्वारा 10, विशेष न्यायाधीश (एस0सी0/एस0टी0 एक्ट) श्री प्रमोद कुमार गुप्ता द्वारा 04, विशेष न्यायाधीश (द0प्र0क्षे0) डॉ0 अवनीश कुमार द्वारा 01, विशेष न्यायाधीश (ई0सी0 एक्ट) श्रीमती पारुल पनवार द्वारा विशेष प्रयास करते हुये विद्युत अधिनियम के 187 मुकदमों का निस्तारण किया गया। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) श्री मोहम्मद कमर द्वारा 04 मामलों एवं अपर जिला जज /एफ0टी0सी0 महिलाओं के विरूद्ध अपराध श्री भारतेन्द्र सिंह द्वारा 07 का मामलों का निस्तारण किया गया । मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक खरे द्वारा कुल 2702 आपराधिक वादों का निस्तारण किया गया। सिविल जज सी०डि० अर्पित सिंह द्वारा सिविल के 07 फौजदारी के 22 वादो में पक्षकारों के मध्य सुलह समझौता कराया गया। सिविल जज सी0डि0/एफ0टी0सी0 श्रीमती अनुकृति सन्त द्वारा दीवानी का 01 व फौजदारी के 43 वाद, सिविल जज जू0डि0 उरई श्रीमती प्रियंका सरन द्वारा फौजदारी के 89 व 02, 05 व्यवहारिक वाद एवं वाह्य न्यायालय कोंच के न्यायिक अधिकारी सुश्री उमैमा शहनवाज द्वारा 02 दीवानी प्रकृति एवं फौजदारी प्रकृति के 173, अपर सिविल जज (जू0डि0) कोंच श्री मोहित निर्वाल द्वारा फौजदारी प्रकृति के 384, सिविल जज जू0डि0 जालौन जावेद खान द्वारा कुल 404 फौजदारी, अपर सिविल जज जू0डि0 जालौन श्रीमती वन्दना सिंह के द्वारा दीवानी के 01 एवं फौजदारी के 172 और कालपी दीवानी न्यायालय के न्यायिक अधिकारी सुश्री इशिता सिंह द्वारा दीवानी के 02 एवं फौजदारी के 620, न्यायालय सिविल जज (जू0डि0)/एफ0टी0सी0/सी0ए0डब्ल्यू0 सुश्री निकिता सिंह द्वारा 03, ग्राम न्यायालय माधौगढ़ के न्यायाधिकारी श्री विनय चाहर द्वारा 20 एवं विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय उरई श्री राजा सिंह द्वारा फौजदारी के 12 मामलों का निस्तारण करते हुये विभिन्न न्यायालयों द्वारा 222735/-रू0 कोष में जमा कराये। आज राष्ट्रीय लोक अदालत में जिले की विभिन्न बैंकों के बकाया ऋण के 734 मामलों में समझौता कराया गया। इनके अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, अपर जिला मजिस्ट्रेट सहित सभी उप जिला मजिस्ट्रेट, नगर मजिस्ट्रेट और तहसीलदार न्यायालयों द्वारा राजस्व संहिता और फौजदारी के कुल 2889 मामलों सहित विभिन्न विभागों द्वारा प्री-लिटिगेशन प्रकृति के 173001 मामले निस्तारित किये गये। इस प्रकार जिला प्रशासन एवं न्यायालयों में लगभग एक लाख बियासी हजार मामलों को आज निस्तारित करते हुये राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया।

# शांति एंव कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालो पर होगी कार्यवाही : जिलाधिकारी



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह
बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि जिला प्रशासन ने सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण वातावरण में होली एवं ईदुल फितर त्यौहार को सम्पन्न कराने के लिए पूर्व की तरह सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। उन्होंने अपेक्षा करते हुए कहा कि ये पावन त्यौहार पूर्ण संयम, समन्वय एवं आम नागरिकों की भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए मनाया जाएंगे और ऐसा कोई भी कार्य नहीं किया जाएगा, जिससे दुसरे सम्प्रदायों की भावनाओं को ठेस पहुंचे। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति धार्मिक रूप से कोई अपशब्द, भड़काऊ भाषण अथवा धार्मिक उन्माद फैलाने जैसे किसी भी कार्य का दुस्साहस न करे और न ही सोशल मीडिया आदि पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणी या पोस्ट न करे, जिससे शांति एंव कानून व्यवस्था की स्थिति पर कोई आंच आए। उन्होंनें स्पष्ट करते हुए कहा कि जिले में शांति एंव कानून व्यवस्था की स्थिति से खिलवाड़ करने वाले शरारती एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी श्रीमती कौर आज 10:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में होली, रमजान तथा ईद उल फितर आदि त्यौहारों पर बिजली, पानी और साफ सफाई, कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे रहीं थी। उन्होंने सभी धर्मगुरूओं एवं संभ्रांत लोगों का आहवान किया कि यदि उनके संज्ञान में कानून व्यवस्था की स्थिति को प्रभावित करने अथवा संप्रदायिक भावना को भड़काने आदि संबंधी कोई सूचना प्राप्त होती है तो स्वयं हस्तक्षेप न करते हुए तत्काल प्रशासन को सूचित करें ताकि तत्काल सक्षम अधिकारियों को मौके पर भेजकर समस्या का समाधान किया जा सके। उन्होंने जन सामान्य का आवाहन किया कि किसी भी अवस्था में ऐसा कोई कार्य न करें जो अपरम्परागत हो या जिससे साम्प्रदायिक वातावरण अथवा शांति एवं कानून व्यवस्था प्रभावित हो। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों को विशेष सफाई, प्रकाश एवं पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए हैं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने जिले के विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं के साथ आगामी त्यौहार रमजान, होली एवं ईद उल फितर को सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्वक एवं भाईचारे के साथ मनाने के लिए विस्तार से थानावार चर्चा की तथा होली त्यौहार में जिले के विभिन्न स्थानों पर होने वाले जुलूस के बारे में जानकारी की गयी तथा रमजान, ईद उल फितर के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिए कि सभी लोग अपने धार्मिक रीति-रिवाज से एक-दूसरे का सम्मान करते हुए अपने त्यौहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। उन्होंने कहा कि जनपद की शांति एवं कानून व्यवस्था में खलल डालने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# नगीना विधायक मनोज पारस ने समाज कल्याण विभाग को क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं से संबंधित दिया प्रस्ताव

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह
नगीना। विधायक नगीना पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार मनोज पारस द्वारा दिनांक 18 जनवरी 2023 को उत्तर प्रदेश विधान मंडल दल की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, तथा विमुक्त जनजातियों संयुक्त समिति की बैठक में अपनी विधानसभा क्षेत्र नगीना जनपद बिजनौर के अनुसूचित बाहुल्य 27 गांव में विशेष कंपोनेंट के अंतर्गत मूलभूत सुविधा सीसी, नाली खड़ंजा आदि बनवाने की मांग की गई थी जिसमें मा० मनोज पारस जी की संस्तुति पर अनुसूचित बाहुल्य मात्र दो गांव में सीसी, नाली खड़ंजा आदि मूल सुविधा हेतु प्रमुख सचिव समाज कल्याण विभाग द्वारा एस्टीमेट बनवाने के लिए आदेश पारित किया था। इसी संबंध में 6 मार्च 2025 को विधायक नगीना पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश मनोज पारस ने माननीय मंत्री समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ से मुलाकात कर अपनी विधानसभा क्षेत्र नगीना जनपद बिजनौर के विशेष कॉम्पोनेंट योजना के अंतर्गत अनुसूचित बाहुल्य दो गांव ग्राम (1) रामपुर बिशना (2) ग्राम भरैकी में मूलभूत सुविधा जैसे-सीसी, नाली व खड़ंजा आदि मूलभूत सुविधाएं देने के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा दोनों गांव का स्टीमेट बनवाकर शासन को प्रेषित किया। जिस पर मंत्री समाज कल्याण विभाग ने आश्वासन दिया कि जल्द ही स्वीकृती मिलने के उपरांत कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

# लापरवाही: बिजनौर पुलिस शहर नजीबाबाद की सुरक्षा में लगे सीसीटीवी कैमरे के टावर को ठीक नहीं कर पाई

लोकतंत्र की आवाज



रिपोर्ट रोहित कुमार
नजीबाबाद पुलिस की उदासीनता का आलम देखिए कि नगर में अपराध नियंत्रण के लिए जिस टावर को सीसीटीवी कैमरें लगाने के लिए खड़ा किया गया था वह पिछले दो वर्ष से जमीन पर लावारिस पड़ा है। लेकिन नजीबाबाद पुलिस को इतना समय नहीं कि अपने टावर को दोबारा खड़ा करा लें या उसके मलबे को हटवा लें। टावर पड़ा रहने के कारण वहां गंदगी पसरी है। दो वर्ष पहले नजीबाबाद पुलिस ने माल गोदाम तिराहे पर सड़क किनारे हरिद्वार, पौड़ी व मुरादाबाद राष्ट्रीय मार्ग पर अपराध व नजीबाबाद में माल गोदाम तिराहे पर पड़ा क्षतिग्रस्त टावर। अपराधियों पर नजर रखने के लिए लौहे के पाईप का एक 20 फुट ऊंचा टावर लगवाया था जिस पर सीसीटीवी कैमरें लगाएं जाने थे। मालगोदाम तिराहे पर दिन रात पुलिस की तैनाती के बाद भी कोई अज्ञात वाहन पुलिस के कैमरा टावर को टक्कर मारकर भाग निकला। पुलिस इस टावर पर सीसीटीवी कैमरे नहीं लगवा पाई लेकिन दो वर्ष के लगभग कोई अज्ञात वाहन पुलिस के टावर में टक्कर मारकर फरार हो गया। पुलिस द्वारा वहां सीसीटीवी कैमरे लगाना तो दूर क्षतिग्रस्त हुए टावर को दुरूस्त कराना भी उचित नहीं समझा। आज भी इस महत्वपूर्ण माल गोदाम तिराहे पर 24 घंटे पुलिस की तैनाती रहने के बाद भी क्षतिग्रस्त टावर को दोबारा लगवाना तो दूर क्षतिग्रस्त मलवे को हटवाना भी उचित नहीं समझा। टावर का नीचे का भाग खड़ा हुआ है जबकि दो भाग लटक कर सड़क पर गिर गये है। इसके नीचे कूड़ा करकट जमा हो रहा है। नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारी भी सफाई के लिए वहां से गुजरते है। लेकिन टावर का मलवा पड़ा होने के कारण नीचे सफाई करने से कतरा रहे हैं। दो वर्ष से नजीबाबाद पुलिस को अपने टावर को दोबारा खड़ा कराने या मलवा हटाने की चिंता नहीं है। टावर के गिरा पड़ा होने से आम लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर के नागरिक जयप्रकाश, सुमित कुमार, राकेश वर्मा, शकील अहमद, संजय राजपूत, सुनील वर्मा ने एसपी बजनौर को पत्र लिखकर माल गोदाम तिराहे से पुलिस के सीसीटीवी कैमरे टावर को सही कराने या वहां पड़े मलवे को हटवाने की मांग की है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



ब्यूरो रितेश मिश्रा
हरदोई। आकांक्षा समिति के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महाराणा प्रताप पी जी कालेज में ₹महिला समानता, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण₹ विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में ₹महिला अधिकार, सुरक्षा एवं समानता₹ विषय पर उपस्थित प्रतिष्ठित वक्ता, शिक्षाविद् एवं समाजसेवियों ने अपने विचार साझा किए एवं महिलाओं के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने और उनके सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक संवाद स्थापित करने पर बल दिया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता और जनपद की प्रथम महिला वकील महामहिमा श्रीवास्तव ने मुख्य वक्ता के रुप में महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा पर अपने विचार रखते हुए कहा कि हमारी सनातन सभ्यता महिला सशक्तिकरण का सबसे बडा उदाहरण है। यह रानी लक्ष्मीबाई, जीजाबाई, लक्ष्मी, सरस्वती, दुर्गा का देश है। महिलाओं की स्थिति सुधारने के लिए हमें अपनी संस्कृति को समझना होगा। उन्होंने सभागार में उपस्थित लड़कियों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जागरुक करते हुए कानून के दुरुपयोग से बचने की सलाह दी। कार्यक्रम में वक्ता नमिता त्रिपाठी ने कहा कि हमारा देश अर्धनारीश्वर की संकल्पना में विश्वास रखने वाली सभ्यता है। हमें स्वतंत्रता पुरुषों से नहीं बल्कि समाज में व्याप्त बुराइयों से चाहिए। हमें ऐसे समाज का निर्माण करना होगा जहां लड़कियां और महिलाएं खुद को सुरक्षित, समान एवं सशक्त महसूस करें। वक्ता श्वेता सिंह गौड ने अपने वक्तव्य में लडकियों से संबंधित निराशा की सोच से उबरने पर बल दिया। उन्होंने कहा नारी को बस स्वयं की क्षमता को पहचानने की आवश्यकता है। परिवर्तन की शुरुआत पहले परिवार से करनी है तभी समाज और फिर देश में नारियों की स्थिति बदलेगी। सीडीओ सौम्या गुरुरानी ने कहा कि समाज में महिलाओं की स्थिति बदलनी है तो महिलाओं को ही आगे आना होगा और हर अन्याय के विरोध में आवाज उठानी होगी। इस अवसर पर उन्होंने बालिकाओं और महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक उत्थान के लिए चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी। कार्यक्रम का मंच संचालन आलोकिता श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर डिग्री कालेज के प्राचार्य डा. निखिलेश शरण, आकांक्षा समिति की सदस्य ममता मिश्रा, कंचन वाजपेयी उपस्थित रहीं।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन रानी लक्ष्मीबाई विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया

लोक तंत्र की आवाज



**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को सम्मानित किया जिलाधिकारी ने और दिया संदेश**

उरई जालौन। जनपद में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने स्वयं सहायता समूह, आशा बहुओं और आंगनबाड़ी कार्यकत्री महिलाओं को शुभकामनाएं दीं और उनके योगदान को सराहते हुए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।जिलाधिकारी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक दिन मनाने की औपचारिकता नहीं होनी चाहिए, बल्कि हमें हर दिन इसे सार्थक बनाना होगा। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे परिवार, समाज और अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, लेकिन इसके साथ-साथ उन्हें अपने स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और उत्तर प्रदेश सरकार भी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बना रही है। उन्होंने इस बात पर गर्व जताया कि महिलाएं अब थल सेना, जल सेना और वायु सेना सहित हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं, जिन्होंने अपने अनुभव साझा किए और महिला सशक्तिकरण को लेकर उत्साह दिखाया। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि प्रशासन महिलाओं के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है और हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे आत्मनिर्भर बनें, सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं और समाज में अपनी पहचान मजबूत करें। इस अवसर पर डीसीएनआएएलएम महेंद्र चौबे, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चन्द्रप्रकाश, प्रोबेशन अधिकारी आदि सहित सम्बंधित अधिकारी व महिलायें मौजूद रहीं।

# महिला दिवस पर संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



ब्यूरो रितेश मिश्रा
हरदोई आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रसखान प्रेक्षागृह में माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रेमावती पीके वर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'हक़ की बात जिलाधिकारी के साथ' कार्यक्रम में छात्राओं व महिलाओं ने जिलाधिकारी से सवाल पूछे जिनका जिलाधिकारी ने जवाब दिया। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य विकास विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी व स्वयं सहायता समूह की कुछ महिलाओं द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में कहा कि सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए काफ़ी कदम उठा रही है। हरदोई में महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में अच्छा कर रही हैं। देश की राष्ट्रपति, प्रदेश की राज्यपाल व जनपद की प्रथम नागरिक एक महिला ही है। 2047 तक विकसित भारत के संकल्प में महिलाएं भागीदार बन रही हैं। महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी रखनी चाहिए। लखपति दीदी, बैंक सखी ने महिलाओं को मजबूती दी है। महिला और पुरुष एक सिक्के के दो पहलू हैं। जिलाधिकारी ने संवाद कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी से करायी। आवास से सम्बंधित एक सवाल के मामले में जिलाधिकारी ने बताया कि 31 मार्च तक सर्वे का कार्य चल रहा है। इसके पश्चात पात्रों को आवास दिया जायेगा। हरदोई में महिलाओं के लिए काम न होने पर उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं आर्थिक रूप से सक्षम बन सकती हैं। एक आँगनबाड़ी केन्द्र के पुनर्निमाण से सम्बंधित एक सवाल पर जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। संवाद कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने कि घरेलू हिंसा के मामले में पुलिस को महिलाएं फोन कर सकती हैं। स्वयं सहायता समूह की एक महिला कंचन मिश्रा ने बताया कि समूह के माध्यम से उसके जीवन में काफ़ी बदलाव आया है। अब वह आत्मनिर्भर बन गयी हैं। आँखों से दिव्यांग एक बच्ची अंजली ने एक सुन्दर कविता के माध्यम से सभी अतिथियों का ध्यान आकृष्ट किया। वेणी माधव विद्यापीठ की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। वेणीमाधव विद्यापीठ की छोटी से छात्रा शीलू शर्मा ने धारा प्रवाह महिला सशक्तिकरण पर अपने ओजपूर्ण विचार व्यक्त करके सभी को अचंभित कर दिया। बच्चियों ने सावन के झूले पर आधारित एक सुन्दर लोकगीत प्रस्तुत किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने वन स्टॉप सेंटर, कन्या सुमंगला योजना, सुकन्या समृद्धि, महिला हेल्पलाइन आदि के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में मिशन शक्ति के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में हुई प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा मेडल, शील्ड व घड़ी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देने वाली छात्राओं को भी स्मृति चिन्ह व घड़ी देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन मनीष मिश्रा ने किया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण थाना दिवस का आयोजन जिला अधिकारी की अध्यक्षता में उरई कोतवाली में आयोजित किया गया

लोकतंत्र की आवाज



उरई जालौन । सम्पूर्ण थाना दिवस का आयोजन कोतवाली उरई में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और प्राप्त 05 शिकायतों के त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और निष्पक्ष तरीके से किया जाए, ताकि फरियादियों को अनावश्यक परेशानी न हो। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से जमीनी विवाद से जुड़ी शिकायतों पर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने निर्देश दिया कि ऐसे मामलों को सूचीबद्ध किया जाए और राजस्व तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष रूप से जांच कर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करे। अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार ने थाना दिवस के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि सभी छोटी-बड़ी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज किया जाए और तय समय सीमा के भीतर मौके पर जाकर उनका समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि छोटी से छोटी शिकायत को भी गंभीरता से लिया जाना चाहिए, ताकि उन मामलों की पुनरावृत्ति न हो। इस अवसर पर एसएचओ अरुण कुमार राय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। कहलगांव प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय बुद्दचक के प्रांगण में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसमें कुल 8 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच बुद्दचक हरचंद पुर के बीच खेला गया ।जिसमें हरचंद पुर की टीम विजेता रही। वहीं फाइनल मुकाबला पीरपैंती और रानीपुर के बीच खेला गया जिसमें रानीपुर की टीम विजेता और पीरपैंती की टीम उप विजेता रही। वहीं कार्यक्रम के उद्घाटन और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में प्रमुख रश्मि कुमारी,नूतन देवी,मुखिया लालू सिंह,अशोक राम,राम कुमार राय,जयशंकर राय ,रविंदर सिंह, एस आई प्रज्ञा कुमारी,सिकंदर यादव, विनीत रंजन रहे ।उद्घोषक के रूप में निखिल रंजन झा,अंकित कुमार ,स्कोरर अंकज,सुजीत कुमार रहे निर्णायक की भूमिका में सर्वोत्तम कुमार शर्मा,अंबिका मंडल,ममता कुमारी रही।

### विदेशी शराब के साथ एक महिला तस्कर गिरफ्तार, भेजा गया जेल

लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर। शुक्रवार की देर रात बिहपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर पर प्रखंड के गौरीपुर गांव से विदेशी शराब के साथ एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया गया ।बिहपुर थानाध्यक्ष राहुल ठाकुर ने बताया कि गिरफ्तार महिला तस्कर गौरीपुर गांव निवासी रेखा देवी पति स्व रामोतार चौधरी हैं जिसके घर से विभिन्न प्रकार के कुल17 .790 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया ।वहीं महिला तस्कर को शनिवार को न्यायिक हिरासत में भागलपुर जेल भेज दिया गया।

### जगदीशपुर विधायक विशुन सिंह के पहल पर बनेगा नए विद्युत शक्ति उपकेंद्र



लोकतंत्र की आवाज
जगदीशपुर/भोजपुर। जगदीशपुर प्रखंड के सुंदरा मौजा में विधायक राम विशुन सिंह लोहिया के अनुशंसा और उनके किये गए पहल पर नए विद्युत शक्ति उपकेंद्र के निर्माण की अनुमति मिलने से क्षेत्र के लोगों को बिजली की समस्या से राहत मिलेगी। यह उपकेंद्र 33/11 केवी क्षमता वाला होगा और इसके निर्माण के लिए आवश्यक भूमि का एनओसी भी जारी कर दिया गया है। विधायक रामविशुन सिंह उर्फ लोहिया ने कहा कि विद्युत शक्ति उपकेंद्र के निर्माण के बाद लो वोल्टेज की समस्या से निजात मिल जाएगी और किसानों और आम लोगों की सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए हम संकल्पित है।

# जीविका दीदियों के माध्यम से बनाए गए बालाहार को दिल्ली तक लेकर जाने का आश्वाशन दिया : सांसद शांभवी चौधरी

लोकतंत्र की आबाज

**रामजी कुमार**
**समस्तीपुर/पूसा।** जिले के राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविधालय पूसा स्थित विद्यापति सभागार में जीविका के तत्वावधान मे अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम हुई।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उप विकास आयुक्त शेखर कुमार प्रियदर्शी ने कहा कि बालाहार सांसद के सहयोग से बहुत ऊंचाइयों पर पहुंचेगा। गरीब परिवार के लिए बच्चों का आहार पूरा करना बहुत बड़ी जिम्मेवारी होती है। कुपोषण एक अभिशाप के रूप में है। उससे निबटने के लिए बहुत ही बेहतर होगा। सभी प्रखंडों में बालाहार बनाने के एक एक कमरा का निर्माण कराने का निर्णय लिया गया है।



जीविका दीदियों को संपूर्ण कीट सहित मानदेय भी दिया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि सांसद शांभवी चौधरी ने कहा कि नारी सशक्तिकरण के मुख्य स्त्रोत जीविका दीदियां है। जीविका दीदियों के लिए लड़ना है। जीविका दीदी ही समाज के निर्माण में मुख्य रोल में है। जिस शक्ति की पूजा करती है वह आप ही है। पीएम एवं सीएम का आभार व्यक्त करते हुए सांसद शांभवी ने का महिलाओं को डरने की जरूरत नहीं है। एक मां को पुत्र और पुत्री को जन्म देने में समान पीड़ा होती है। मां के प्यार से बढ़कर कुछ भी नहीं होता है। जीविका दीदियों के माध्यम से बनाए गए बालाहार को दिल्ली तक लेकर जाने का आश्वाशन दिया। सामुदायिक विज्ञान महाविधालय के अधिष्ठाता डॉ उषा सिंह ने कहा कि सशक्त समाज के निर्माण में सशक्त महिला की अहम भूमिका है। बालाहार हमारा सपना था। पूसा में बालाहर निर्माण की व्यवस्था सुनिश्चित कर सांसद के माध्यम से केंद्र का उदघाटन कराया गया है। कुपोषित बच्चों के लिए बालाहार सर्वोत्तम आहार है। इसमें सुगंधित तत्वों का प्रयोग नहीं किया गया है।

पूसा प्रखंड के 20 जीविका दीदियों को बालाहार निर्माण की जिम्मेवारी दी गई है। बालाहार सभी उमर के लोगों के लिए पोषणयुक्त आहार का निर्माण किया गया है।बालाहार निर्माण में ग्रामीण महिलाओं की विशेष उपयोगिता है। जीविका के विक्रांत शंकर ने विषय प्रवेश कराया। सांसद को जीविका के पायल ने मिथिला परंपरा के अनुसार शाल पाग से सम्मानित किया। बालाहार लॉन्च किया गया। जीविका दीदियों के माध्यम से मेंहदी प्रतियोगिता में शामिल प्रखंड क्षेत्र से चयनित प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त महिलाओं को सांसद ने सम्मानित किया। संचालन मोनिका एवं नीतू ने किया। मौके पर ज्योति देवी, फूलों कुमारी, सहित जीविका दीदियों के अलावे जीविका से जुड़े सदस्य मौजूद थे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जागरूकता सेमिनार आयोजित



लोकतंत्र की आवाज़

**जगदीशपुर/भोजपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नाबार्ड भोजपुर और जन विकास क्रांति ने नयका टोला में जागरूकता सेमिनार आयोजित किया। प्रखंड प्रमुख सविता कुमारी और जन विकास क्रांति व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र की प्राचार्या स्नेहा सिंह ने केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि महिलाओं के विकास के बिना समाज की उन्नति संभव नहीं।

प्रमुख ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके सम्मान को बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजनों को जरूरी बताया। प्राचार्या स्नेहा सिंह ने कहा कि महिलाएं अब आश्रित नहीं, बल्कि समाज और परिवार के विकास में अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने महिलाओं से अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। समाज के विकास में योगदान देने वाली आत्मनिर्भर महिलाओं को सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में रिंकी देवी, बबीता कुमारी, मीरा देवी, पिंकी देवी, रेखा महतो, शांति देवी, ऊषा देवी, सीमा देवी, बसंती देवी, कनिका वर्मा, शिला देवी, फूल कुमारी देवी, चंदा देवी, अंशु कुमारी, रीना देवी और रीता कुमारी शामिल रहीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए।

● महिला सशक्तिकरण और समानता पर विस्तृत चर्चा हुई

## इंस्पायर अवार्ड योजना मे चयनित होने पर छात्रों को विद्यालय परिवार ने किया प्रोत्साहित



लोकतंत्र की आवाज

**रामजी कुमार**
**समस्तीपुर।** जिले के उच्च माध्यमिक विद्यालय विशनपुर बथुआ पूसा, समस्तीपुर में बिहार दिवस हेतु प्रखंड स्तरीय चित्रांकन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली वर्ग 09 की छात्रा नंदनी कुमारी और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली वर्ग 09 की छात्रा साक्षी प्रिया को विद्यालय परिवार द्वारा प्रोत्साहित किया गया। साथ ही विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार,के इंस्पायर अवार्ड योजना में चयनित वर्ग 09 के दो छात्र अनिकेत कुमार और रोहन कुमार को भी विद्यालय परिवार द्वारा प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय परिवार इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

## पाकुड़ बरहरवा सिंगल पथ को किया जाए डबल, पाकुड़ में लगाया जाय जूट उद्योग, मुख्यमंत्री से विधायक निसात आलम ने मुलाकात कर किया मांग

लोकतंत्र की आवाज

**साहिबगंज।** साहिबगंज और पाकुड़ दोनों जिले के लाइफ लाइन कहे जाने वाली पाकुड़ बरहरवा मुख्य पथ का अब सिंगल लैंड डबल होने किस दिशा में विधायक निसात आलम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौपा है पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक निसात आलम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची में मुलाकात कर पाकुड़ और साहिबगंज जिला के बरहरवा को जोड़ने वाले मुख्य पथ चौड़ीकरण की मांग की मांग करते हुए कहा कि पाकुड़ से लेकर बरहरवा तक सड़क चौड़ा है लेकिन भीमपाडा,पलासबोना श्रीधरपुर, के पास सडक काफी पतला है जिस कारण अक्सर जाम लगता है।

कई बार दुर्घटना भी हो चुका है, और कई लोगो कि जान भी चुका है यह सड़क को अगर चौड़ीकरण कर दिया जाए तो जाम की स्थिति नहीं होगी साथ ही यहां के लोगों को काफी सुविधा होगी विधायक ने कहा कि यह मांग लंबे समय से की जा रही थी लेकिन मुख्यमंत्री से मिलकर आग्रह किया गया है कि उक्त सड़क को चौड़ीकरण किया जाए ताकि यहां के आर्थिक विकास में मदद हो सके



**जुट मजदूर लिये लडाया जाय जुट उद्योग :** बरहरवा पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक निसात आलम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर पाकुड़ में जूट उद्योग लगाने एवं इसकी दिशा में आवश्यक पहल करने करने का आग्रह किया है विधायक ने बताया कि पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के द्वारा जूट मिल लगाने के लिए पहल किया गया था पाकुड़ जिले में 5800 मेट्रिक टन, एवं साहिबगंज जिला में 2400 मेट्रिक टन जुट की उपज प्रत्येक साल होती है यहां के किसानों को अपने फसल को ओने पौने दाम में बेचने पड़ते हैं विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री से मुलाकात कर जूट उद्योग लगाने की मांग की गई है ताकि आपके किसानों को आत्मनिर्भर बनाया जा सके

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला जागरूकता एवं भोजन वितरण

लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर।** शनिवार को अभाविप के गतिविधि सेवार्थ विधार्थी नवगछिया के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कदवा दियारा क्षेत्र के कासिमपुर के मध्य विद्यालय में छात्राओं के बीच महिला सशक्तिकरण की चर्चा की गई एवं उनके बीच सेनेटरी पैड का वितरण किया गया ।



मिलन चौक पर जरुरतमंद लोगो के बीच भोजन वितरण किया गया वहीं मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं सभी शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित रहे ।सेवार्थ विद्यार्थी दक्षिण बिहार के प्रांत सहसंयोजक अनुज चौरसियाआज महिलाएं समाज के साथ राष्ट्र निर्माण में भी अहम भूमिका निभा रही हैं। आइए, हम सभी नारी शक्ति के सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए संकल्पित हो उसी को मद्देनजर रखते हुए हम महिला शिक्षकों के संग सब छात्राओं को जागरूक करने का कार्य किया।

सेवार्थ विधार्थी के कार्यकर्ता साजन सिंह ने बताया कि आज महिला दिवस के अवसर पर मिलन चौक पर हम सभी कार्यकर्ताओं ने भोजन वितरण किया एवं समाज में हमारी बहन बेटियों भी सभी क्षेत्र में आगे बढ़ रही है इसलिए हम सभी अपने सोच को बदलते हुए नारी शक्ति का सम्मान करते हुए उनको आगे बढ़ाने में अहम योगदान दें। वही मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया कि अभाविप का यह कार्य काफी सराहनीय है वही मौके पर अभाविप के अनुज चौरसिया,साजन सिंह,रोबीन सिंह एवं विद्यालय के सभी शिक्षक गण साजन सिंह पूनम देवी आदि मौजूद।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला संगोष्ठी के साथ ग्राम सभा और होली मिलन समारोह का आयोजन

लोकतंत्र कि आवाज

**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर प्रखंड के दावा पंचायत के सरकार भवन पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला संगोष्ठी, ग्राम सभा और होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। महिला संवाद कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त डॉ अनुपमा सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। जबकि अतिथि के रूप में बीडीओ कान्ति कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया व भाजपा प्रवक्ता सुषुमलता कुशवाहा ने की। संचालन सामाजिक कार्यकर्ता मनजी चौधरी ने किया।



कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रचलित कर किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के सशक्तिकरण और महिलाओं के उत्थान पर चर्चा की गई। इस दौरान जीडीसी ने अपने हाथों से सेनेटरी पैड का वितरण किया, और उसके उपयोग के बारे में महिलाओं को विस्तार से जानकारी दीं। पंचायत के मुखिया ने महिलाओं के हित में चलाए जा रहे हैं योजनाओं और पंचायत में महिलाओं के द्वारा किए गए कार्यों को उपस्थित महिलाओं के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाओं ने पर चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के समापन के बाद होली मिलन और ग्राम सभा का आयोजन किया गया।

ग्राम सभा में संचालित योजनाओं के क्रियानइन पर चर्चा की गई और प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का चयन किया गया। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी ने भी सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को महिलाओं के हित में चलाया जा रहे हैं महिलाओं को जानकारी दिया।मौके पर सीडीपीओ कार्यालय के पर्यवेक्षिका- मीना देवी,उप मुखिया- सबिता देवी शिक्षिका-प्रीति कुमारी,अनिता कुमारी अनीता देवी शमीमा खातून मनोरमा देवी ललिता देवी आरती देवी माला देवी रानी पटेल मीना देवी सहित अन्य थे।

## जगदीशपुरः अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बरनाव पंचायत में कार्यक्रम आयोजित



लोकतंत्र कि आवाज
**जगदीशपुर/भोजपुर।** शनिवार को जगदीशपुर प्रखंड के बरनाव पंचायत में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पंचायत भवन बरनाव में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए मुखिया प्रियंका देवी ने महिलाओं के बीच अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को मनाने के उद्देश्य की जानकारी दी। कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से समृद्ध होने के लिए वित्तीय जागरूकता भी जरूरी है।

इस दौरान वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता बरनाव पंचायत के मुखिया प्रियंका देवी ने किया। मौके पर मौजूद रहे पंचायत सचिव दिलीप पासवान, कार्यपालक सहायक जावेद अख्तर,ग्रामीण महिला शुभांति देवी,ज्योति देवी,कंचन देवी,सुनीता देबी, बेबी देवी,भगरासाना देवी, मीरा देवी,पनापति कुंवर, मनोरमा देवी समेट अन्य लोग उपस्थित थे।

## डीएलएस शिक्षा महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हुआ भव्य सम्मान समारोह का आयोजन, जुटी महिलाएं और छात्राएं

लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** बदलूगंज, बाराहाट झ डीएलएस शिक्षा महाविद्यालय की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. पंकज कुमार सिन्हा, मैनेजिंग डायरेक्टर आकाश कुमार, प्रमुख रश्मि कुमारी, बीके लीला दीदी, महिला थाना प्रभारी प्रतिमा कुमारी, ईशीपुर अस्पताल की एएनएम दीप्ति विश्वास, शहीद की पत्नी प्रियंका कुमारी, योग शिक्षिका भावना कुमारी एवं प्रोफेसर नीलम कुमारी सहित महाविद्यालय के प्रोफेसरों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कॉलेज की स्काउट और गाइड यूनिट की रेंजर नेहा कुमारी, रोहिणी कुमारी, प्रीति कुमारी, मोनी, दीक्षा, सुहानी, सोनम, वर्षा और रैमसी ने महिला अतिथियों को बुके और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर संगीत विभाग के डॉ. योगेश कौशल के निर्देशन में छात्राओं ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही, महिलाओं के उत्थान और सम्मान पर आधारित सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें सभी छात्रों और छात्राओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में प्रमुख प्रतिनिधि पप्पू साह, प्रोफेसर ललन कुमार, प्रोफेसर विकास, कुलदीप, अमरेंद्र, नितिन कुमार, स्काउट के जिला प्रशिक्षक मुकेश आज़ाद, प्रशांत सहित अन्य शिक्षकों ने महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने महिला सशक्तिकरण और समाज में उनकी भूमिका पर जोर देते हुए महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए जागरूकता बढ़ाने की अपील की।



## संक्षिप्त खबरें ।

### मोतिहारीः प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को शराब पीकर शिक्षिका के साथ दुर्व्यवहार करना पड़ा महंगा



ब्यूरो चीफ शशिकांत
पूर्वी चम्पारण। शराबबंदी वाले बिहार में नशे की हालत में बीईओ हुए गिरफ्तार। मामला कोटवा थाना क्षेत्र का है। जहां प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी उपेन्द्र कुमार को नशे की हालत में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि बीईओ शिक्षिका से दुर्व्यवहार और जबरन हो हल्ला कर रहे थे। जिसकी सूचना शिक्षिका द्वारा पुलिस को की गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कोटवा बीआरसी से गिरफ्तार किया।जिसके बाद प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर शराब जांच हेतु सदर अस्पताल भेजा गया। वहीं मेडिकल जांच के बाद शराब पीने की हुई पुष्टी। बीईओ पर कार्रवाई करने की प्रक्रिया में जुटी गई है पुलिस।

### जमीन रजिस्ट्री कराने आए व्यक्ति का कोर्ट परिसर स्थित मुख्तारखाना से बाइक चोरी



ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा
शनिवार को करीब 11 बजे भूमि रजिस्ट्री कराने पहुंचे एक युवक की होंडा शाइन एसपी 125 सीसी रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 22 एवी 3845 बाइक को कोर्ट परिसर स्थित मुख्तार खाना से अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया. जिसको लेकर पीड़ित बाइक चालक व भैरोगंज थाना के सहसराव गांव निवासी सोनू कुमार पिता शिव चौधरी ने पटखौली थाना को लिखित आवेदन देकर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है. साथ ही पुलिस प्रशासन से बाइक की बरामदगी को लेकर न्याय की गुहार लगाया है. पीड़ित ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि वह भूमि रजिस्ट्री कराने के लिए अपने घर से बाइक से बगहा आया था और मुख्तार खाना में भूमि से संबंधित दस्तावेज व अन्य कागजात तैयार होता है उसी परिसर में बाइक खड़ा कर अपना काम कराने में व्यस्त था. करीब एक घंटा बाद जब अपना बाइक लेने पहुंचा तो वहां दूर-दूर तक बाइक कही भी नजर नहीं आया. इधर-उधर पूरी तलाश के बाद बाइक का कोई सुराग नहीं लगा. जिसके बाद थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है.

### अपर मुख्य सचिव ने बिहार की शिक्षिकाओं को दी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा
बिहार के शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस सिद्धार्थ (कअर) ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पत्र जारी कर राज्य की शिक्षिकाओं को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना किए हैं।अपर मुख्य सचिव के इस पहल पर शिक्षक समुदाय खास कर महिला शिक्षिकाओं ने उनका धन्यवाद व आभार प्रकट किया है। स्थानीय शिक्षक विद्यालय अध्यापक गुड़िया कुमारी, प्रियंका कुमारी, यास्मीन तबरेज शिक्षक सुनिल कुमार आदि ने कहा कि अपर मुख्य सचिव महोदय द्वारा पत्र जारी कर शिक्षिकाओं को शुभकामना देना और बिहार की बदलती शिक्षा-प्रणाली में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताना गौरवान्वित करने वाला है।पत्र के अनुसार, बकौल अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस सिद्धार्थ महिलाओं की भूमिका सिर्फ पाठ्यक्रम तक हीं सिमित नहीं है बल्कि छात्र- छात्राओं को सर्वश्रेष्ठ शिक्षा देने, सृजनात्मकता तथा बिहार व देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव में महत्वपूर्ण योगदान है।

# बगहा : महिला दिवस पर स्टेट बैंक के बिजनेस पार्टनर संजीवनी विकास फाउंडेशन की ऐतिहासिक पहल


लोकतंत्र की आवाज

**महिला दिवस के अवसर पर संजीवनी विकास फाउंडेशन के प्रेसिडेंट अखिलेश अखिल ने महिलाओं को ग्राहक सेवा केंद्र प्रदान कर महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की अनोखी पहल की**



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा ।** महिला दिवस के अवसर पर स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के बिजनेस पार्टनर संजीवनी विकास फाउंडेशन के प्रेसिडेंट अखिलेश अखिल के प्रयास और पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज के जिला समन्वयक पदाधिकारी संतोष कुमार गुप्ता के मेहनत की बदौलत पश्चिम चंपारण में महिला दिवस के अवसर पर तीन महिलाओं को ग्राहक सेवा केंद्र खुलवाकर उनके सपनों को पंख लगा दिए। जिसका उद्घाटन वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के द्वारा ऑनलाइन किया गया। बगहा के हर्नाटांड़ में बबीता कुमारी, बेदौली जमुनिया में प्रीति देवी, और सबुनी रामनगर में रजनी देवी, का ग्राहक सेवा केंद्र महिला दिवस के अवसर पर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर सीएसपी संचालकों ने बताई की हम लोग बहुत आभार व्यक्त करते हैं संजीवनी विकास फाउंडेशन के प्रेसिडेंट अखिलेश सर और जिला समन्वयक पदाधिकारी संतोष कुमार गुप्ता का जिन्होंने इस काम के लिए हम महिलाओं को पुरुष समाज में भी ग्राहक सेवा केंद्र चलाने का मौका दिए। अब हम महिलाएं भी भी बैंक का संचालन कर सकते हैं यह दिखा दिया संजीवनी विकास फाउंडेशन ने। इस मौके पर जिला समन्वयक पदाधिकारी संतोष कुमार गुप्ता ने बताया कि नारी शक्ति को सशक्त बनाने के लिए संजीवनी विकास फाऊंडेशन हर कदम पर महिलाओं के साथ है। इस अवसर पर संजीवनी विकास फाउंडेशन के आईटी गिरेंद्र कुमार यादव एरिया मैनेजर विशाल कुमार राय, सुपरवाइजर निर्भय कुमार, नरेंद्र यादव, संतोष कुमार, पवन कुमार उपस्थित रहे।

### मोतिहारी के गांधी मैदान में शौर्य वेदनम महोत्सव में पहुंचे बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**
**मोतिहारी ।** में गृह विभाग के नेतृत्व में दो दिवसीय शौर्य वेदनम महोत्सव में कार्यक्रम में शामिल हुए बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी। इस कार्यक्रम में भारतीय सेना ने अपनी दिखाई करतब। वहीं जवानों के करतब देख लोग हैरान रह गए। महोत्सव का उद्घाटन बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्द खान और केंद्रीय रक्षा समिति के अध्यक्ष राधामोहन सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस कार्यक्रम को देखने के लिए दूर-दराज से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। तीनों सेना के जवानों ने बाइक, बड़े बड़े टैंक, राफेल, फाइटर जेट से अनेकों करतब दिखाएं। भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को देखने के लिए लोगो में गजब का उत्साह था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राज्यपाल ने कहा कि हम इसी सेना के बदौलत अपने घरों में चैन की नींद सोते है।

### मोतिहारी में बिहार एवं झारखंड रेजिमेंट द्वारा संध्या में सांस्कृतिक कायक्रम प्रस्तुत किया गया



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**
**पूर्वी चम्पारणः** मोतिहारी स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में संध्या 7:00 बजे से भारतीय सेना की बिहार एवं झारखंड रेजिमेंट द्वारा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या में माननीय सांसद राधामोहन सिंह, माननीय विधायक प्रमोद कुमार, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पूर्वी चंपारण, जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, पूर्वी चंपारण, नगर आयुक्त सहित सेना के वरिष्ठ अधिकारी, जिला प्रशासन के पदाधिकारी तथा मोतिहारी की गणमान्य जनता उपस्थित रहे। वहीं सेना की बैंड ने राष्ट्रभक्ति गीतों से ओत-पोत मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर मोतिहारी सांसद राधामोहन सिंह के द्वारा सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

## मोतिहारीः सुगौली थाना से चोर हुआ फरार, क्या लापरवाह पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों पर होगी करवाई

लोक की आवाज



**ब्यूरो चीफ शशिकांत**
**पूर्वी चम्पारण।** कल दिनांक ०७,०८,२०२५ को सुगौली थाना से चोर फरार हो गया। आपको बता दे कि सुगौली प्रखंड के उत्तरी मानसिंघा के ग्रामीणों ने ढेर रात बाइक से आया चोर गांव के ही एक ग्रामीण के घर में चोरी करने के नीयत से घुस गया था। जिसको गांव के लोगों ने उसे देख लिया और चोर को रंगेहाथ पकड़ लिया। जिसके पास से एक कट्टा भी बरामद हुआ। ग्रामीणों ने चोर को पकड़ने के बाद सुगौली पुलिस को सूचना दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने कट्टा को बरामद कर बाइक के साथ आया गांव में चोर का बाइक जब्त कर चोर को हिरासत में लेकर थाना पहुंची। और चोर को सुगौली पुलिस हाजत के बाहर ही बैठा दिया। जिसका फायदा उठाकर चोर थाना से फरार हो गया। जिसके बाद मोतिहारी पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने मोतिहारी सदर डीएसपी 2 जितेश पांडेय के नेतृत्व में एक जांच टीम का गठन किया गया है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि जांचों उपरांत दोषी पुलिस कर्मी पर करवाई की जाएगी। थाना से फरार चोर की गिरफ्तारी के लिए मोतिहारी पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

## बगहाःअंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर मुखिया ने की अपने पंचायत भवन में ग्राम सभा का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



**क्षितिज राज**
**बगहा** एक प्रखंड स्थित पतिलार पंचायत के पंचायत भवन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुखिया पायल मिश्रा के अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमें पंचायत की महिलाएं आशा कार्यकर्ता जीविका समूह हॉस्पिटल की एएनएम मनरेगा में कार्य करने वाली वनपोषक सहित महिलाओं की उपस्तिथि रही वही पंचायत की मुखिया पायल मिश्रा ने महिलाओं को बताया की आज पूरे विश्व में महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है उन्होंने कहा की आज महिलाएं पूरे विश्व में अपना कृतिमान स्थापित कर रही है शिक्षा के प्रसार के साथ महिलाओं ने साहित्य, विज्ञान, चिकित्सा, और खेल विज्ञान में अपनी पहचान बनाई है आज महिलाएं घरेलू कामों से बाहर आकर हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं धरती से लेकर अंतरिक्ष तक महिलाओं का योगदान है कल्पना चावला सुनीता विलियम्स से लेकर देश की राष्ट्रपति तक महिला ही है वही प्रदेश के मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया है जिसमे महिला आरक्षण, जीविका दीदीया, आशा कार्यकर्ता, सहित हर एक कार्यों में महिलाओं को प्राथमिकता दी जा रही है वही ग्राम सभा के अवसर पर मुखिया के द्वारा महिलाओं और बच्चियों को सेनेटरी पैड का वितरण किया गया और उसके लाभ को बताया गया और केक काटकर और मिठाईयां बाटकर सभा की शुरुवात की गई मौके पर सभी महिलाएं उपस्थित रही

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला स्वच्छता कर्मियों को किया गया सम्मानित

लोकतंत्र की आवाज



**गौनाहा /** प्रखंड के कौशल विकास केन्द्र परिसर में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान (द्वितीय चरण) अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य हेतु अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला स्वच्छता कर्मी को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का सफल संचालन स्वच्छता पर्यवेक्षक बुद्धेश्वर प्रसाद उर्फ अमित कुमार गुड्डु ने किया। कार्यक्रम में प्रखंड समन्वयक विनोद कुमार, बुनियादी केंद्र से सुरेश कुमार, किसान सलाहकार सुभाष कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक अशोक कुमार, अनिकेत कुमार, मनोहर कुमार, राकेश कुमार, कौशल विकास केन्द्र समन्वयक मनोज कुमार, प्रशिक्षक पूनम कुमारी की गरिमामयी उपस्थिति रही।प्रशस्ति पत्र एवं माला से सम्मानित होने वाली महिला स्वच्छता कर्मी माया देवी, शंकुतला देवी, पिंकी देवी, रीना देवी, बसंती देवी, सुनिता देवी, बिगनी देवी, लालसा देवी, सविता देवी, सुधा देवी सहित कौशल विकास केंद्र के रुपा कुमारी, काजल कुमारी, रागिनी कुमारी, प्रिया कुमारी, प्रेमलता कुमारी, नग्मा कुमारी, मुस्कान कुमारी, संजना कुमारी, संजू कुमारी, शिवानी कुमारी आदि उपस्थित रहीं।सम्मानित होकर सभी महिला स्वच्छता कर्मी ने अपने को गौरवान्वित महसूस किया।

### वाल्मीकि महोत्सव 2025: संस्कृति, आस्था और भव्यता का संगम

लोकतंत्र की आज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**वाल्मीकि नगर** में आयोजित वाल्मीकि महोत्सव का शुभारंभ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। उनके साथ मंत्री विजय चौधरी, अन्य मंत्री, सांसद और विधायक भी इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने।महोत्सव में लोक और शास्त्रीय संगीत, नृत्य, और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने हजारों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देशभर से आए प्रसिद्ध कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगो का दिल जीत लिया।वाल्मीकि नगर के इस महोत्सव में हजारों की संख्या में लोग उमड़े। पूरे आयोजन स्थल को भव्य रूप से सजाया गया था, जिससे इसकी भव्यता और आकर्षण और भी बढ़ गया।महोत्सव के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की थीं। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, वहीं आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया।वाल्मीकि महोत्सव न सिर्फ धार्मिक आस्था, बल्कि संस्कृति, पर्यटन और परंपरा का भी उत्सव बन चुका है। यह महोत्सव हर साल वाल्मीकि नगर को सांस्कृतिक मानचित्र पर एक नई पहचान देता है।

## ग्राम नियोजन केंद्र द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

लोकतंत्र की आवाज



**गौनाहा /** नरकटियागंज-ग्राम नियोजन केंद्र समृद्धि परियोजना अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन जयमंगलापुर में आयोजित 350 महिलाओं का जांच किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में ग्राम नियोजन केंद्र के परियोजना समन्वयक अरुणेंद्र कुमार सिंह सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं महिलाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर रंजन कुमार गुप्ता ने महिलाओं से माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर चर्चा की एवं उससे होने वाले दुष्प्रभाव एवं बीमारियों के बारे में चर्चा की। स्वास्थ्य विभाग के नरकटियागंज के डॉक्टर शोभा कुमारी महिलाओं से सर्वाइकल कैंसर के कारण, लक्षण एवं बचाव इत्यादि पर चर्चा की। कार्यक्रम में अनुमंडल अस्पताल नरकटियागंज के डॉक्टर जयराम कुमार, डॉ. शोभा कुमारी, डॉ. सूरज कुमार, श्रीमती सोनम सिंह द्वारा महिलाओं का स्वास्थ्य जांच किया गया। इसके अतिरिक्त डॉ. अनामिका, डॉ. सुप्रिया कुमारी, डॉ. रोहित कुमार यादव इत्यादि ने जांच किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग बिहार सरकार, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, स्वास्थ्य संगठन रोटरी इंटरनेशनल की तैयारी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में शशिकांत पाठक, सत्येंद्र प्रसाद कुशवाहा, बहादुर माझी, प्रियंका जायसवाल, ओमप्रकाश, विजयनन्दन, रीतेश आदि उपस्थित रहे ।

